

24:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 111 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, शुक्लपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

यथा खात्वा खनित्रेण भूतले वारि विन्दति।

तथा गुरुगतां विद्यां शुश्रूपुरधिगच्छति॥

भावार्थ : जैसे फावड़े से खोदने से पृथ्वी से जल प्राप्त होता है, वैसे ही गुरु की सेवा करनेवाला विद्यार्थी विद्या को प्राप्त करता है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 33.00 °c | 19.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .13 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .20 बजे

कार्रवाई › खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह गांव रोडे से गिरफ्तार

# खुफिया सूचना मिलने के बाद पूरे गांव को घेर लिया गया

- वारिस पंजाब दे संगठन का मुखिया बना था
- पुलिस लगातार 36 दिनों तक पीछा करती रही
- गिरफ्तारी के बाद डिब्रुगढ़ भेज दिया गया है



राष्ट्रीय खबर

**चंडीगढ़:** पंजाब की अमृतसर पुलिस और इंटेलिजेंस विंग ने एक संयुक्त आरेशन में वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक भगोड़े अमृतपाल सिंह को रविवार सुबह रोडे गांव के एक गुरूद्वारे से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने प्रेसवार्ता में बताया कि अमृतपाल और उसके साथियों के खिलाफ 36 दिनों तक चले सर्च अभियान के पश्चात आज सुबह पौने सात बजे अमृतपाल को गिरफ्तार किया गया। उन्होने कहा कि खुफिया सूचनाओं के बाद आज सुबह पूरे रोड गांव की घेराबंदी कर दी गई थी। पंजाब पुलिस के विभिन्न विंग सहयोग से काम कर रहे थे। उन्होने कहा कि चूंकि अमृतपाल गुरुद्वारे के अंदर था, इसलिए पुलिस ने इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए गुरुद्वारे में प्रवेश नहीं किया। उन्होने कहा कि हमारे पास विशेष इनपुट था कि अमृतपाल सिंह रोडे गांव में मौजूद था, उसे घेर लिया गया था और उसके पास बचने का कोई मौका नहीं था। आईजीपी गिल ने बताया कि अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर डिब्रुगढ़ जेल के लिए रवाना कर दिया गया है, जहां अमृतपाल सिंह

» पेज 2 भी देखें

### कल रात भर सो नहीं सके थे मान

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि वह कल रात भर सो नहीं सके थे। अमृतपाल सिंह को आज सुबह मोगा जिले के रोडे गांव से गिरफ्तार किया गया था। मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा, मैं पूरी रात नहीं सोया। मेरे पास रात में ही सूचना आ गयी थी। तो मैं हर पंद्रह मिनट - आधे घंटे बाद मैं पूछता रहता था, क्या हुआ? मैं नहीं चाहता था कि कोई खूनखराबा हो। या ऐसी स्थिति बने कि कानून एवं व्यवस्था दांव पर लग जाए। श्री मान ने कहा कि लेकिन प्रदेशवासियों के चैन के लिए एक रात या कुछ रातें उन्हें सोना न पड़े तो कोई बात नहीं क्योंकि प्रदेश का मुख्यमंत्री होने के नाते यह उनका फर्ज है। श्री मान ने बताया कि अमृतपाल को पहले भी गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन उनकी सरकार व पुलिस संयम से काम ले रही थी क्योंकि वह कोई खूनखराबा नहीं चाहते थे और राज्य की अमन शांति भंग नहीं होने देना चाहते थे।

मादक तस्कर एल चापो के बेटों ने दुश्मनों के साथ जघन्य व्यवहार किया

# दुश्मनों को जिंदा या मुर्दा बाघ को खिला देते थे



राष्ट्रीय खबर

**वाशिंगटनः** अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा हाल ही में जारी एक अभियोग के अनुसार, कुख्यात ड्रग लॉर्ड जोआक्विन एल चापो गुजमैन और उनके कार्टेल सहयोगियों के बेटों ने कथित तौर पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को यातना देने के लिए कॉर्क स्क्रू, बिजली के झटके और मिर्च का इस्तेमाल किया। उनके कुछ दुश्मनों को भी कथित तौर पर ह्यबाघों को जिंदा या मुर्दाह्ल खिला दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ओविडियो गुजमैन लोपेज, जीसस अल्फ्रेडो गुजमैन सालाजार और इवान आर्किवाल्डो गुजमैन सालजार - जिन्हें चैपिटोस या लिटिल चैपोस के रूप में जाना जाता है, उन 28 सिनालोआ कार्टेल सदस्यों में शामिल थे, जिन पर पिछले सप्ताह एक व्यापक फेंटेनल तस्करी अभियान के संबंध में आरोप लगाया गया था। अभियोग में शक्ति बढ़ाने और दुश्मनों को डराने के लिए कार्टेल द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली यातना और निष्पादन के बर्बर तरीकों का भी विवरण है। एक बार इन बंदियों द्वारा जानकारी प्राप्त करने के बाद, आम तौर पर यातना के माध्यम से, इन व्यक्तियों को या तो स्वयं चापिटोस द्वारा या उनके निर्देश पर मार दिया गया था और पूरे क्षेत्र में शवों का निपटान किया गया था। जबकि इनमें से कई पीड़ितों को गोली मार दी गई थी, अन्य को मृत खिला दिया गया था। इसके लिए गिरोह के पास पालतू बाघ थे। अभियोजकों ने आगे दावा किया कि 2017 में दो मैक्सिकन संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों की गिरफ्तारी और मौत में एल चापो के दो

» पेज 2 भी देखें

## 15 दिन में गिर जाएगी शिंदे-फडनवीस सरकार : राउत

**जलगांव:** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि शिंदे-फडनवीस राज्य सरकार 15 दिनों में गिर जाएगी। श्री राउत जो पिछले दो दिनों से जलगाँव में थे, आज शाम जिले के पचोरा में यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और एमवीए नेताओं की वज्रमुठ रैली में शामिल होंगे। श्री राउत ने कहा कि उन्होंने पहले भविष्यवाणी की थी कि शिंदे सरकार 15 दिनों में गिर जाएगी। उन्होंने कहा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई स्थगित हो गई। अब जब अदालत का फैसला आ जाएगा, तो शिंदे सरकार का गिरना तय है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार सहित अन्य प्रमुख राजनीतिक दल के नेताओं के अलग-अलग बयानों के बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। श्री उद्धव ठाकरे आज शाम पचोरा में एमवीए रैली को संबोधित करेंगे। इस बीच, पचोरा में एमएनएस कार्यकर्ता को अपने पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ श्री राउत की टिप्पणी के विरोध में उनका पुतला जलाने के कारण महाराष्ट्र पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## चुनाव परिणाम विवाद में स्ट्रांग रूम खोला गया

**हैदराबाद:** हैदराबाद में जगतियाल जिले के मलियाल मंडल सिवर नुक्कपल्ली के वीआरके कॉलेज रूम के ताले तोड़े गए जहां धर्मपुरी विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई थी। यह तेलंगाना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्ट्रांगरूम की चाबी गायब होने के कारण किया गया था। जगतियाल जिला के कलेक्टर यास्मीन भाषा और चुनाव पर्यवेक्षक अविनाश कुमार की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम को 11 बजे खोला गया। विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस उम्मीदवार अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने 2018 के विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। श्री कुमार ने दावा किया कि कोप्पुला ईश्वर जो एक विधायक के रूप में चुनाव जीते थे और वर्तमान में मंत्री हैं, उनका चुनाव अवैध था। चूंकि कुमार 441 मतों के अंतर से हार गए थे, उन्होंने अदालत से पुनर्मतगणना कराने का अनुरोध किया। उच्च न्यायालय ने कुमार की याचिका पर विचार किया और रिटर्निंग ऑफिसर को स्ट्रांग रूम खोलने का आदेश दिया।

## पश्चिम बंगाल के कलियागंज में निषेधाज्ञा लागू

**कोलकाता:** उत्तर दिनाजपुर जिले के कलियागंज में कथित आपराधिक हमले और बाद में एक किशोरी की हत्या के बाद हालात बेहद खराब हो गये हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रविवार को धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत चार या अधिक लोगों के एक जगह एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दो दिन बाद लापता किशोरी का शव मिला। इससे पहले, स्थिति ऐसी हो गई थी कि पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस को स्थिति को नियंत्रण में लाने और शांति बनाए रखने के लिए और अधिक बलों की मांग करनी पड़ी। इस बीच राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की टीम ने इलाके का दौरा किया और इसकी अध्यक्ष प्रियंका कानूनगो ने पीड़िता के परिवार से करीब दो घंटे तक बातचीत की। सुश्री कानूनगो ने लड़की के घर का दौरा किया और उस स्थल का मुआयना किया, जहां शव मिला था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

कोरोना संक्रमण फैलने के बाद सुप्रीम कोर्ट का काम काज बदला

# गांधी हत्या मामले में याचिकाकर्ता पर पच्चीस हजार फाइन



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट भी कोरोना की चपेट में फिर से आ गया है। देश भर में दर्ज सक्रिय कोरोना के मामलों में वृद्धि के साथ, सुप्रीम कोर्ट के चार न्यायाधीश भी इस वायरस की चपेट में आ गये हैं। वैसे इनमें से एक ठीक हो चुके हैं। कोर्ट में सूत्रों के अनुसार, अनिरुद्ध बोस, रविंद्रा भट, जेबी पारदवाला और मनोज मिश्रा जस्टिस वर्तमान में कोरोना पीड़ित हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्या कांत ने एक सप्ताह पहले ही संक्रमित पाये गये थे। न्यायमूर्ति भट गुरुवार तक पांच-न्यायाधीश संविधान की पीठ के हिस्से के रूप में बैठे थे, जो सुप्रीम कोर्ट में शारीरिक रूप से समान-विवाह के मामले की सुनवाई करते थे। बेंच पर अन्य चार न्यायाधीश वर्तमान में अपने लक्षणों पर एक नजर रख रहे हैं।

संविधान पीठ, जिसे पहले सोमवार को सुनवाई के तर्क जारी रखने के लिए निर्धारित किया गया था, को कल रात रद्द कर दिया गया था। जस्टिस कौल सोमवार को एक चिकित्सा आग्रह के कारण अदालत नहीं रखेंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय वर्तमान में केस पेंडेंसी से बचने के लिए दो-न्यायाधीशों को नए-जज बेंचों को मामले सौंप रहा है।

इसके बीच ही महात्मा गांधी हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 1948 के बॉम्बे पब्लिक उपायों (दिल्ली संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस संजय किशन कौल और अह सा ा न ु द्दी न अमनुल्लाह की एक बेंच ने यह स्पष्ट किया कि पार्टियां किसी भी तरह की दलील या प्रार्थना के साथ शीर्ष अदालत में नहीं चल सकती हैं। अदालत ने कहा, यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सबसे गलत याचिका है, चूंकि यह व्यक्ति में एक पार्टी है, फिर भी हम कुछ रियायत दिखा रहे हैं।

# कुछ लोग देश का इतिहास बदलने के चक्कर में : नीतीश



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार का नाम लिये बगैर उस पर पूरे देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया और आगाह करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने नई टेक्नोलॉजी पर कब्जा कर लिया है, पुरानी चीजों को खत्म किया जा रहा है इसलिए वह पूरे देश में विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। श्री कुमार ने रविवार को यहां राज्यपाल राजेन्द्र विष्वनाथ आर्लेकर की उपस्थिति में 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के बाद संवाददाताओं के पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के सवाल पर कहा, समय आने पर सब बता देंगे। जब हम सबलोगों से मिल लेंगे तो आप लोगों को सबकुछ बता देंगे। अभी इस तरह के सवाल का कोई मतलब नहीं है। हम तो ज्यादा-से-ज्यादा विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं। अपने लिए कुछ नहीं चाहते हैं।

हमारी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है। हम तो पूरे देश के लिए सोच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग पूरे देश के इतिहास को बदलने के चक्कर में हैं। इतनी बड़ी आजादी की लड़ाई लड़ी गई, उसे नई पीढ़ी को जानना चाहिए लेकिन कुछ लोग सबकुछ बदल देना चाहते हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि कुछ लोगों ने नई टेक्नोलॉजी पर कब्जा कर लिया है, पुरानी चीजों को खत्म किया जा रहा है। वह पूरे देश में विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। बहुत लोगों से बातचीत हो चुकी है, अभी कुछ और लोगों से बात करेंगे। श्री कुमार ने राजनीति में मिट्टी में मिलाने के सवाल पर कहा, जो लोग ऐसा कह रहे हैं उनको कहिए कि मुझे मिट्टी में मिला दें। हम कभी इस तरह की बात नहीं बोलते हैं। जो इस तरह के शब्दों का प्रयोग करता है तो समझ लीजिए उनके पास बुद्धि नहीं है। ऐसे आदमी को जो मन में आए वो बोले। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की हम कितनी प्रशंसा करते हैं।

पवित्र जल से हुआ राममंदिर का जलाभिषेक

# दुनिया के 155 देशों से लाया गया था नदियों का पानी

- चालीस देशों के प्रवासी हुए शामिल
- कई राष्ट्राध्यक्षों ने भेजी शुभकामना
- बाबर के गांव की नदी का जल भी



राष्ट्रीय खबर

**अयोध्याः** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर का जलाभिषेक रविवार को मंत्रोच्चारण के बीच 155 देशों की पवित्र नदियों और सरोवरों से लाये जल से किया गया। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक विजय जौली के नेतृत्व में दुनिया के सात महाद्वीपों के 155 देशों के पवित्र जल से अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का जलाभिषेक का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 40 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जय श्रीराम के गगनभेदी उदघोष के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक देशों के राजदूत व राजनयिक भी मौजूद थे। राम मंदिर निर्माण की सीढ़ियों पर मंत्रोच्चारण करने के बाद 155 देशों का जल का छिड़काव किया गया है। फिजी,मंगोलिया, डेनमार्क, भूटान, रोमानिया, हैती, ग्रीस, कोमोरास, कबेवर्डे, मोन्टीनीग्रो, टुबालू, अल्बानिया, तिब्बत आदि देशों के राजनयिकों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के इस ऐतिहासिक जलाभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया। भूटान, सूरीनाम, फिजी,

» पेज 2 भी देखें

अनूठी क्षमता › बालों की सफेदी का रिश्ता कुछ स्टेम सेल की डीएनए से है

# बालों से जुड़े डीएनए में उम्र की एक घड़ी होती है

- न्यूयार्क विश्वविद्यालय में हुआ है शोध
- रेल के डब्बे जैसा संकेत आना जाना करते हैं
- जहां सिग्नल कम मिले तो बालों में सफेदी आयी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** इंसान की उम्र बढ़ने के साथ साथ उसकी बालों का रंग भी बदलता है। अनेक लोग बालों की सफेदी को छिपाने के लिए कृत्रिम उपाय करते हैं। यह स्थायी नहीं होती और नये बाल उग आने के साथ साथ बालों की यह सफेदी फिर से ऊपर आने लगती है। अब पहली बार पता चला है कि कुछ स्टेम कोशिकाओं में बालों के रोएं में विकास खांचे के बीच स्थानांतरित करने की एक अनूठी क्षमता होती है, लेकिन लोगों की उम्र के रूप में फंस जाती है और इसलिए परिपक्व होने और बालों के रंग को बनाए रखने की क्षमता खो देती है। न्यूयार्क यूनिवर्सिटी के ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकताओं के नेतृत्व में, नया काम चूहों की त्वचा में कोशिकाओं पर केंद्रित है और मनुष्यों में भी पाया जाता है जिसे मेलानोसाइट स्टेम सेल कहा जाता है। बालों के रंग को इसके जरिए नियंत्रित किया जाता है। शोध दल ने पाया है कि बालों के रोम के भीतर लगातार बढ़ते हुए इस सेल के पूल को परिपक्व कोशिकाएं बनने का संकेत मिलता है जो रंग के लिए प्रोटीन वर्णक को बदलने लगते हैं। यानी इस डीएनए में उम्र को भांपने की एक घड़ी होती है, जो समय के हिसाब से अपना काम करती है। 19 अप्रैल को नेचर ऑनलाइन जर्नल में प्रकाशित, नए अध्ययन से पता चला कि यह मेलोनाइट स्टेम सेल उल्लेखनीय रूप से प्लास्टिक हैं। इसका मतलब यह है कि सामान्य बालों के विकास के दौरान, ऐसी कोशिकाएं लगातार परिपक्वता अक्ष पर आगे और पीछे चलती हैं क्योंकि वे विकासशील बाल कूप के डिब्बों के बीच पारगमन करती हैं। यह इन डिब्बों के अंदर है जहां मेलोनाइट स्टेम सेल परिपक्वता-प्रभावित करने वाले प्रोटीन संकेतों के विभिन्न स्तरों के संपर्क में हैं। शोध दल ने पाया कि मेलोनाइट स्टेम सेल अपने सबसे आदिम स्टेम सेल

» पेज 2 भी देखें

तालिबानी कब्जे के दौरान अजीब किस्म का माहौल

# अब तक अधर में लटके हैं अमेरिका आये अफगान शरणार्थी

- लाखों लोग भय के मारे देश छोड़कर भागे थे
- अनेक लोगों को पता है कि लौटने पर क्या होगा



राष्ट्रीय खबर

**काबुलः** अमेरिकी सेना जा रही थी, उस वक्त की सरकारी सेना ने तालिबान के सामने हथियार डाल दिये थे। राष्ट्रपति अशरफ गनी देश छोड़कर भाग चुके थे। दूसरी तरफ से हथियारबंद तालिबान काबुल के अंदर प्रवेश कर रहे थे। इस स्थिति में हजारों अफगानी जहां जैसे संभव हुआ, देश छोड़कर भाग निकले। इनमें से जो खुश किस्मत लोग थे वे अब अमेरिका में आकर फंसे हुए हैं। उनकी अनुमानित संख्या अस्सी हजार के करीब है। अमेरिकी सरकार ने उनकी मदद से हाथ पीछे नहीं खीचे हैं लेकिन वह किस देश के नागरिक हैं, यह बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है। दूसरी तरफ

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### कर्नाटक में चुनाव प्रचार करेंगे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश



रांची: झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश चार दिवसीय दौरे पर बेंगलुरु जाएंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश 24 अप्रैल को बेंगलुरु जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 24, 25, 26 एवम 27अप्रैल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह बताया कि श्री प्रकाश बेंगलुरु में आयोजित रोड शो, प्रेसवार्ता एवम रैली कार्यक्रमों में शामिल होकर संबोधित भी करेंगे।

चौकसी — रांची से जमीन के दस्तावेज तो रायपुर से शराब कारोबार की जानकारी

# झारखंड और छत्तीसगढ़ ईडी की कार्रवाई के निशाने पर कौन

- हेमंत की जमीन के दस्तावेज लिये गये
- शराब सिंडिकेट से झारखंड के तार जुड़े
- इस बहती गंगा में भाजपा वाले भी हैं

राष्ट्रीय खबर




रांची: प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग अलग टीमें रांची और रायपुर में सक्रिय हैं। रांची की टीम ने रांची के रजिस्ट्री कार्यालय जाकर जमीन के दस्तावेज ले गयी हैं। दूसरी तरफ रायपुर में ईडी की टीम ने झारखंड के शराब कारोबार पर अपनी जांच प्रारंभ की है। इस बारे में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कई दस्तावेजों के साथ शराब सिंडिकेट के बारे में वर्तमान सरकार पर आरोप लगाये थे। जाहिर सी बात है कि दोनों राज्यों में ईडी की कार्रवाई के निशाने पर हेमंत सोरेन ही है लेकिन जिन मुद्दों को खंगाला जा रहा है, उनमें भाजपा के कई नेता और विधायक भी लपेटे में आ सकते हैं, यह बात जनता जानती है सिर्फ सरकारी अधिकारी नहीं जानते हैं। ईडी के अधिकारी शुक्रवार को अचानक रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे। उन्होंने हेमंत सोरेन और उनके परिवारी जनों की भू संपत्ति के ब्योरे की सूची रजिस्ट्रार को सौंपी। उनसे उन संपत्तियों के सेल डीड की सत्यापित प्रति देने की मांग की। देर रात तक रजिस्ट्रार ने 18 भू संपत्ति के दस्तावेज की सत्यापित प्रति ईडी को मुहैया कराई।

इनमें खनन पट्टा लीज के वे दस्तावेज भी हैं, जिनके बारे में आरोप है कि सीएम रहते हेमंत ने अपने नाम खनन पट्टा लिया था।ईडी के अधिकारियों ने रजिस्ट्री कार्यालय से हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू, भाई बसंत सोरेन और उनकी पत्नी के अलावा शिबू सोरेन की 18 प्रॉपर्टी के दस्तावेज निकलवाए। सारे दस्तावेज की सत्यापित प्रति वे अपने साथ ले गए। चर्चा है कि सेना की जमीन बेचने के मामले में ईडी ने जिन दलालों को गिरफ्तार किया है, उनसे मिली जानकारी के आधार पर ही ईडी ने यह कार्रवाई की है।हेमंत सोरेन के खनन पट्टा लीज को लेकर पहले भी घमासान मच चुका है। हाईकोर्ट में यह मामला तो चल ही रहा है, राज्यपाल के यहां भी यह मामला पेंडिंग है। बीजेपी की तरफ से तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में बताया गया था कि सीएम रहते हेमंत सोरेन ने अपने और पत्नी के नाम खनन पट्टा का लीज लिया था। राज्यपाल ने उस पर चुनाव आयोग से मंतव्य मांगा था। चुनाव आयोग ने मंतव्य दे भी दिया था, लेकिन 25 सितंबर 2022 से वह राजभवन में ही पड़ा हुआ है। लेकिन यह भी सार्वजनिक सूचना है कि इसी किस्म का पट्टा भाजपा के नेताओं का भी था, जब वे लाभ के पदों पर थे। इसलिए मामला तब ठंडा पड़ गया था।

दूसरी तरफ रायपुर में झारखंड से उत्पाद विभाग से जुड़े दो अधिकारियों से पूछताछ हुई है। झारखंड में छत्तीसगढ़ मॉडल पर पिछले एक साल से नई शराब नीति के तहत शराब बिक रही है। इससे गत वित्तीय वर्ष में झारखंड सरकार को करीब 450 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ था। दरअसल ईडी की छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले की जांच से ही झारखंड के घोटाले का सुराग मिला था। छत्तीसगढ़ में इस कारोबार के सिंडिकेट में अरुणपति त्रिपाठी व सिद्धार्थ सिंघानिया है। अरुणपति त्रिपाठी छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी व सिद्धार्थ सिंघानिया मैनपावर उपलब्ध कराने वाली कंपनी के लाइजनर थे। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में ईडी ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी व अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज

## झारखंड के पंचायतों के सतत विकास के लिए लिया जायेगा शपथ

राष्ट्रीय खबर

रांची: राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को पूरे देशभर में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश के रेवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। इस दौरान डिजिटल सिस्टम का अधिक से अधिक प्रयोग व ई-ग्राम स्वाराज-जेम के प्रयोग पर जोर दिया जायेगा। ताकि किसानों ग्रामीण क्षेत्रों के प्रोडक्ट के मार्केटिंग के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। वहीं, झारखंड के सभी ग्राम पंचायतों में भी पंचायती राज दिवस को धूमधाम से मनाया जायेगा। पंचायती राज दिवस को देखते हुए पंचायती राज विभाग ने सभी जिलों और त्रिस्तरीय पंचायतों को दिशा-निर्देश जारी किया है और पंचायती राज दिवस मनाने का निर्देश दिया है। त्रिस्तरीय पंचायत स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए शपथ भी ली जायेगी। जनप्रतिनिधियों के द्वारा पंचायतों के सत्त विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शपथ लिया जायेगा। सभी मुखिया, पंचायत के सदस्यों, जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्षतों व पंचायत समिति को कहा गया है कि वे पंचायती दिवस के दौरान कार्यक्रम का आयोजन करें। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा।झारखण्ड के कपिलो ग्राम पंचायत को सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास का पुरस्कार मिला।

## बकोरिया कांड में पक्षपातपूर्ण जांच और क्लोजर रिपोर्ट से सीबीआई हुई बेनकाबः बंधु तिर्की

राष्ट्रीय खबर



रांची: पूर्व मंत्री व झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, पलामू सदर थाना क्षेत्र के सतबरवा ओपी अंतर्गत बकोरिया में पिछले 8 जून 2015 को हुए कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की पक्षपात पूर्ण जांच और उसकी क्लोजर रिपोर्ट से यह जाहिर हो गया है कि यह एजेंसी पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई के चेहरे से उसका बचा-खुचा मुखौटा भी उतर चुका है।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि, केंद्रीय जांच ब्यूरो पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और यही कारण है कि जहाँ विपक्षी नेताओं पर लगे आरोपों पर उसकी कार्रवाई तेज गति से होती है वहीं जो नेता भाजपा में चले जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी जाती है।श्री तिर्की ने कहा कि पलामू का बकोरिया हत्याकांड एक ऐसा नरसंहार था जिसकी हो रही जांच के ऊपर झारखण्ड के सवा तीन करोड़ लोगों की नजर थी।

लेकिन इस मामले में सीबीआई ने न केवल क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट में दाखिल कर दिया है बल्कि अपने मुखोटे को भी उतार फेंका है। श्री तिर्की ने कहा कि, बकोरिया ऐसा कांड था जिसमें सिपाही से लेकर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अनेक अधिकारियों से सीबीआई ने पूछताछ की थी।

## रांची में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी : भाकपा

राष्ट्रीय खबर



रांची: रांची में पत्थर और बालू का अवैध खनन जोरों पर है। सरकार को लाखो के राजस्व की क्षति पहुंचा रहा है जिला खनन पदाधिकारी और पत्थर माफियाओं का गठजोड़ ।भाकपा जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बयान जारी कर कहा की पूरे जिले में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू पत्थर का खनन किया जा रहा है जिसके कारण झारखंड सरकार को लाखों का राजस्व की हानि हो रही है। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा अभी तक बालू घाटो की बंदोबस्ती पूर्ण रूप से नहीं की गई है उसके बावजूद नदियों से अवैध बालू उठाव जारी है और आम जनता को दुगने रेट पर बालू मिल रही है । जिला खनन पदाधिकारी को सूचना होने के बावजूद भी वे समुचित कार्यवाही नहीं करते हैं जो दर्शाता है की बालू माफिया से उनका पूरा गठजोड़ है और उनके इजाजत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। रांची जिला में बिना डिस्ट्रिक्ट सर्वे के नदियों से बालू का उठाव किया जा रहा है जो नियमों के विपरीत है डिस्ट्रिक्ट सर्वे के अनुसार किसी भी नदी से 60% से अधिक बालू का उठाव ठनहीं किया जा सकता है ।लेकिन खनन माफियाओं के द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जाता है और धड़ल्ले से झारखंड की नदियों से शत प्रतिशत बालू का उठाव का प्रयास किया जाता है जिसके कारण झारखंड में नदियों से जलस्तर लगातार घटता और सूखता जा रहा है ।

## पहले सर्वे कराकर रिकार्ड आफ राइट बनाना चाहिए था : राजेंद्र प्रसाद

राष्ट्रीय खबर



रांची: भूमि घोटाले पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार समय रहते झारखंड बनने के साथ ही शहरी क्षेत्रों के भूमि का सर्वे कराकर रिकॉर्ड ऑफ राइट बना लेती तो इस प्रकार के घोटाले को अंजाम भूमि माफिया नहीं दे पाते। इस संबंध में सिंहभूम जिला सरकार के समक्ष ज्वलंत उदाहरण है। ऐसा लगता है कि अप्रत्यक्ष रूप से सरकार नहीं चाहती है कि इस प्रकार के घोटालों से निजात मिले। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि रांची और अन्य शहरी क्षेत्रों में भूमि घोटाला का मुख्य कारण शहरी क्षेत्र की भूमि की मांग शहरीकरण के कारण बढ़ता जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि भूमि के स्वामित्व का निर्धारण रिकॉर्ड ऑफ राइट या खतियान से होता है झारखंड विशेषकर शहरी क्षेत्रों की भूमि का रिकॉर्ड ऑफ राइट से बना है। गत 80 से 90 साल पुराना है। मात्र सिंहभूम का रिकॉर्ड ऑफ राइट आजादी और जमींदार उन्मूलन के बाद का है। प्रसाद ने कहा कि रांची मुंसिपल क्षेत्र का रिकॉर्ड ऑफ राइट साल 1927का है जो कि ब्रिटिश गवर्नमेंट के समय का है। उक्त अवधि में जमीन का निबंधन कोलकाता में होता था। जिसका दुरुपयोग का परिणाम अभी सेना की भूमि घोटाला के रूप में देखा जा रहा है।

प्रसाद ने कहा कि यदि सरकार समय रहते या झारखंड बनने के साथ ही शहरी क्षेत्रों के भूमि का सर्वे कराकर रिकॉर्ड ऑफ राइट बना लेती तो इस प्रकार की घोटाले को भूमि माफिया अंजाम नहीं दे पाते। इस संबंध में सिंहभूम जिला सरकार के समक्ष उदाहरण है। प्रसाद ने कहा कि ऐसा लगता है कि अप्रत्यक्ष रूप से सरकार ही नहीं चाहती है, कि इस प्रकार के घोटालों से निजात मिले। प्रसाद ने बताया कि भूमि का सर्वे होने से गलत ढंग से जो जमीन का ट्रांसफर हुआ है वह भी पकड़ में आ जाएगा और सरकारी जमीन का घोटाला भी प्रकाश में आएगा। प्रसाद ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में अभिलेख फट चुका है उसमें छेड़छाड़ करने की सम्भावना भी है और उसका अनुचित लाभ भूमि माफिया और सरकारी ऑफिसर उठाते रहे हैं। लेकिन इस दिशा में कोई सरकार ठोस कदम नहीं उठाई है। प्रसाद ने कहा कि भूमि के संबंध में जिला उपायुक्त को काफी शक्ति प्राप्त है। इसका दुरुपयोग उनके द्वारा भी किया जा रहा है।

शिकायत — कोलकाता की महिला की शिकायत से एक पूर्व पुलिस अधिकारी निशाने पर

# विधायक सरयू राय ने फिर उठाया सवाल

- चार जिलों से मिले थे अंगरक्षक
- कौन मेहरबान था विभाग जानता है
- जांच हुई तो कई गड़े मुर्दे उखड़ जाएंगे

राष्ट्रीय खबर



रांची: कोलकाता की एक महिला की शिकायत की वजह से अब फिर से झारखंड के एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी निशाने पर आ रहे हैं। दरअसल इस बारे में औपचारिक शिकायत पहली बार आयी है जबकि विधायक सरयू राय ने ट्विट कर हेमंत सोरेन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट किया है। श्री राय ने मुख्यमंत्री को ऐसे तत्वों के बारे में सावधान किया है। इशारे से श्री राय ने यह भी संकेत दे दिया है कि ऐसे लोगों के मददगार वर्तमान सरकार में भी प्रभावी है। पूरा मामला दुगार्पुर के एक व्यापारी सोनू उर्फ अमित अग्रवाल का है। इसका नाम नक्सलियों से लेवी लेने के मामले में पहले ही आ चुका था। सिर्फ सरकार में बैठे लोगों के अलावा पूरी जनता जान गयी थी कि उसके एशगाह में झारखंड का कौन पुलिस अधिकारी नियमित तौर पर जाया करता था। पुलिस विभाग के लोग भी इस सच को अच्छी तरह जानते थे। अब कोलकाता की महिला व्यवसायी रश्मि जैन ने आरोप लगाया है। इस आरोप से यह बात सामने आ गयी है कि उस अमित अग्रवाल को अवैध तरीके से सरकारी अंगरक्षक उपलब्ध कराये गये थे। शिकायत में महिला ने अपने कार्यालय में लगे सीसीटीवी में कैद सभी लोगों की तस्वीरों का भी हवाला दिया है, जो जबरन उस महिला का कार्यालय बंद कराने गये थे और धमकियां देते हुए सीसीटीवी में रिकार्ड किये गये हैं। मामले का खुलासा होने के बाद अब पता चला है कि उसे मिले पुलिस अंगरक्षक रांची, धनबाद और हजारीबाग जिला से संबंधित थे। बता दें कि सोनू अग्रवाल पर मगध-आम्रपाली कोयला परियोजना से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों को फंड देने का भी आरोप है। टेरर फंडिंग मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने भी सोनू उग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

अब विधायक सरयू राय की ट्विट के बाद गड़े मुर्दे फिर से उखड़ने लगे हैं। पुलिस विभाग को दुगार्पुर जाने वाले पुलिस उच्चाधिकारी के बारे में पहले से पता था लेकिन उच्च पद पर होने की वजह से शायद उस वक्त एनआईए ने भी उन्हें अलग रखा था। अब विभाग में सरकारी खर्च पर अंगरक्षक लेने वालों से बकाये की वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है और ऐसे लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इसके बीच अमित अग्रवाल को किसके निर्देश पर अंगरक्षक उपलब्ध कराये गये थे, इसकी जांच हुई तो सरयू राय की तोप का मुंह फिर से भाजपा की तरफ मुड़ जाएगा, यह सभी जानते हैं। श्री राय ने कहा है कि वह पहले भी इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं। इस बीच अपुष्ट जानकारी यह भी निकल कर आयी है कि दुगार्पुर के ट्रांसपोर्टर सह जयश्री स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल पर छद्म नाम से विभिन्न जिलों से अंगरक्षक लेने की पुष्टि के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब औपचारिक शिकायत दर्ज होने के बाद सिर्फ इन अंगरक्षकों पर कार्रवाई कर जिम्मेदारी की लीपापोती होगी या इसके पीछे के असली अधिकारी पर कार्रवाई होगी, यह बड़ा सवाल बनकर उभरा है।

## पेज एक का शेष

### खुफिया सूचना मिलने .. .. ..

के चाचा हरजीत सिंह सहित उनके नौ अन्य सहयोगी पिछले महीने से ही डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व अमृतपाल की पत्नी किरनदीप कौर को भी लंदन जाने की कोशिश करते समय अमृतसर के हवाई अड्डे पर रोक लिया था जहां लगभग चार घंटे पूछताछ करने उपरांत उसे उसके गांव वापस भेज दिया था। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने स्वर्ण मंदिर, अकाल तख्त और अमृतपाल के पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है।

### दुश्मनों को जिंदा या .. .. ..

बेटे शामिल थे। जहां उनमें से एक से पूछताछ की गई और बाद में उसे मार दिया गया, वहीं दूसरे को भयानक यातनाएं दी गईं। लगभग दो घंटे तक, निनिस के सदस्यों ने विक्टिम-5 की मांसपेशियों में कॉर्कस्क्रू डालकर, उसकी मांसपेशियों से चीर कर, और उसके खुले घावों और नाक में गर्म चीलें डालकर प्रताड़ित किया। सिनालोआ कार्टेल के नेता के रूप में एक जूरी ने उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी और कई हत्या की साजिशों में शामिल होने का दोषी ठहराया। जनवरी 2023 में, एल रैटन उपनाम ओविडियो गुजमैन को भी पकड़ लिया गया था।

### दुनिया के 155 देशों से .. ..

श्रीलंका व कम्बोडिया के वर्तमान राष्ट्राध्यक्षों ने अपने शुभकामना संदेश डॉ. जौली को भेजे हैं। विहिप ने बताया कि 155 देशों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान के अलावा बाबर की जन्मस्थली से पवित्र जल आया था। डॉ. जौली ने बताया कि बाबर की जन्मस्थली के देश उज्बेकिस्तान के शहर अंदीजान की प्रसिद्ध कशक दरिया नदी का पवित्र जल भी अयोध्या राम मंदिर जलाभिषेक के लिये विशेष रूप से लाया गया था। इसके साथ ही रूस व यूक्रेन के युद्धग्रस्त क्षेत्रों के साथ-साथ चीन व पाकिस्तान का जल भी अयोध्या राम मंदिर के लिये जलाभिषेक के लिये लाया गया था। विभिन्न देशों का मटके में जल रखकर सभी महिला और पुरुष ने अपने सिर पर रख करके जय श्री राम का नारा लगाते हुए श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान रामलला की सीढियों पर छिड़काव किया गया। उन्होंने बताया कि विधिवत उद्घाटन पूने के नौ पंडितों द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चारण के द्वारा किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि विश्व भर से एकत्रित जल पर एक लघु फिल्म शलू कुमारी द्वारा निर्देशित भी दिखायी गयी।

### बालों से जुड़े डीएनए .. ..

अवस्था और उनकी परिपक्वता के अगले चरण, पारगमन-प्रवर्धक अवस्था और उनके स्थान के आधार पर रूपांतरित होते हैं। यह बदलाव डीएनए से प्राप्त होने वाले संकेतों के आधार पर तय होता है। शोधकताओं ने पाया कि जैसे-जैसे बालों की उम्र बढ़ती है, झड़ते हैं और फिर बार-बार वापस बढ़ते हैं, मेलोनाइट स्टेम सेल की बढ़ती संख्या स्टेम सेल कम्पार्टमेंट में फंस जाती है जिसे हेयर फॉलिकल उभार कहा जाता है। वहां, वे रहते हैं, पारगमन-प्रवर्धक अवस्था में परिपक्व नहीं होते हैं, और जर्म कंपार्टमेंट में अपने मूल स्थान पर वापस नहीं जाते हैं, जहां डब्ल्यूएनटी प्रोटीन ने उन्हें वर्णक कोशिकाओं में पुनः उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया होगा। एनवाईयू लैंगोन हेल्थ में इस अध्ययन के प्रमुख अन्वेषक क्यूई सन ने कहा, हमारा अध्ययन हमारी बुनियादी समझ में जोड़ता है कि मेलानोसाइट स्टेम कोशिकाएं बालों को रंगने के लिए कैसे काम करती हैं। नई जानकारी इस संभावना को बढ़ाता है कि मेलानोसाइट स्टेम सेल की एक ही निश्चित स्थिति मनुष्यों में मौजूद हो सकती है। यदि ऐसा है, तो यह बालों के रोम को विकसित करने के बीच जाम कोशिकाओं को फिर से स्थानांतरित करने में मदद करके मानव बालों के भूरे होने को रोकने या रोकने के लिए एक संभावित मार्ग प्रस्तुत करता है। यह रेल के डब्बों के जैसा होता है, जिसमें संकेत आते जाते रहते हैं। शोधकताओं का कहना है कि मेलोनाइट स्टेम सेल की प्लास्टिसिटी अन्य स्व-पुनर्जीवित स्टेम कोशिकाओं में मौजूद नहीं है, जैसे कि वे बाल कूप बनाते हैं, जो परिपक्व होने पर एक स्थापित समयरेखा के साथ केवल एक दिशा में जाने के लिए जाने जाते हैं।

एनवाईयू में उसी शोध दल द्वारा पहले किए गए काम से पता चला है कि एमसीएससी को परिपक्व और वर्णक उत्पन्न करने के लिए उत्तेजित करने के लिए डब्लूएनटी सिग्नलिंग की आवश्यकता थी। यानी डीएनए खुद ही स्टेम सेल के जरिए ऐसा करने का संकेत देता है, जो उम्र की घड़ी पर आधारित है। चूहों पर किये गये नवीनतम प्रयोगों में जिनके बाल प्लकिंग और मजबूर रेग्रोथ द्वारा शारीरिक रूप से वृद्ध थे, फॉलिकल उभार में दर्ज किए गए मेलोनाइट स्टेम सेल के साथ बालों के रोम की संख्या 15% से बढ़कर जबरन उम्र बढ़ने के बाद लगभग आधी हो गई। अध्ययन के लिए, शोधकताओं ने लगभग वास्तविक समय में कोशिकाओं को ट्रैक करने के लिए 3 डी- इंट्राविटल-इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया, क्योंकि वे वृद्ध हो गए थे और प्रत्येक बाल कूप के भीतर चले गए थे।

### अब तक अधर में लटके .. ..

अफगानिस्तान छोड़कर भागने वाले यह नहीं जानते कि फिर से देश लौटने के बाद उनका क्या होगा। अधिकांश लोगों को तालिबान शासन से कोई उम्मीद नहीं है। खास कर उन महिलाओं को जो पूर्व में विभिन्न किस्म की नौकरियों में थी और अब अफगानिस्तान में महिलाओं की हालत देखकर भयभीत हैं। एक ऐसी ही महिला शबनम खलीलियर हैं। वह सिर्फ 5 साल की थी जब 11 सितंबर के आतंकवादी हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने 2001 के अंत में अपने गृह देश पर हमला किया था। उनके पिता जल्दी से एक अनुवादक के रूप में अमेरिकियों के लिए काम करने चले गए, जैसा कि उनके चाचा ने किया था। जिसके बाद उनके परिवार के अधिकांश सदस्य अमेरिकी सेना की मदद करने वालों के लिए बनाए गए विशेष वीजा के पात्र बन गए। लेकिन जब 2021 की गर्मियों में अमेरिका का सबसे लंबा युद्ध आखिरकार समाप्त हो गया, तो तालिबान के उग्रवादियों को एक बार फिर से देश पर नियंत्रण करने की अनुमति मिली, केवल खलीलियार ही इसे सुरक्षित करने में सक्षम थे। एक पूर्व पत्रकार, वह वापसी से पहले तत्कालीन अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी के लिए काम कर रही थी, जिससे उसे नए सशक्त तालिबान से प्रतिशोध का सीधा खतरा था। 30 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे पर जाने की असफल कोशिश के बाद, खलीलियर और उनके परिवार ने सीमा पार उज्बेकिस्तान जाने की उम्मीद में मजार-ए-शरीफ की यात्रा की। एक रात उन्हें हवाई अड्डे पर ले जाया गया और एक अज्ञात गंतव्य के लिए उड़ान भर दी गई। जब विमान से उतरे तो पता चला कि वे दोहा, कतर, अफगानिस्तान के पश्चिम में हैं। उन्होंने कहा कि वहां एक शरणार्थी शिविर में लगभग एक महीना बिताने के बाद, उन्हें सूचित किया गया कि वे संयुक्त राज्य की यात्रा करेंगे।

खलीलियार लगभग 80,000 अफगानों में से एक थे, जिन्हें अफगानिस्तान से अराजक सैन्य वापसी के बीच बिडेन प्रशासन द्वारा स्थापित एक आपातकालीन पुनर्वास प्रयास, ऑपरेशन एलीज वेलकम के हिस्से के रूप में निकाला गया और संयुक्त राज्य अमेरिका लाया गया। दो साल से भी कम समय के बाद, 27 वर्षीय खलीलियार नॉर्मन, ओक्ला में फिर से बस गईं, जहां वह ओकलाहोमा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन का अध्ययन करती हैं।

वह उन हजारों अफगान शरणार्थियों में भी शामिल हैं, जिन्हें अभी तक अमेरिका में कानूनी स्थायी निवास प्राप्त करना है और जिनकी अस्थायी पैरोल - केवल दो वर्षों के लिए अच्छी है - इस गर्मी के अंत में समाप्त होने वाली है। जो लोग सीधे अमेरिकी सैनिकों या अन्य अमेरिकी सरकारी एजेंसियों के साथ या उनके लिए काम करते हैं, वे विशेष आप्रवासी वीजा के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, यह एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है जिसके लिए आवेदकों को विभिन्न प्रकार के दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होती है। ऐसे लोग जानते हैं कि अफगानिस्तान लौटने पर मौत उनका इंतजार कर रही है। वैसे भी अफगानिस्तान की जो हालत है, उसे देख खास तौर पर महिलाएं अमेरिका में ही अपना संघर्ष जारी रखना चाहती हैं।

# ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत, परिजनों में मातम

राष्ट्रीय खबर



**बगहाः** रविवार की सुबह गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड के बगहा रेलवे स्टेशन एक 70 वर्षीय व्यक्ति की अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है। जीआरपी बगहा के नंद कुमार शर्मा ने बताया कि मृत व्यक्ति के शव को जीआरपी के द्वारा अपने कब्जे में लेते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए ले गई। मृत व्यक्ति की पहचान नगर के वार्ड नंबर 22 बनकटवा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय गोपाली चौधरी के 70 वर्षीय पुत्र जय नारायण चौधरी के रूप में हुई हैं। बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति अपनी पत्नी और एक पुत्री के साथ लुधियाना के अरविंद नगर के गली नंबर 1 बहादुरपुर रोड से बगहा के लिए अमरनाथ ट्रेन से आ रहा था। उसी दौरान ट्रेन बगहा रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर रुकी। जहां अंधेरा ज्यादा होने के कारण उन्हें लगा कि बगहा रेलवे स्टेशन नहीं है। फिर ट्रेन पर चढ़ने लगे। उसी दौरान ट्रेन रेलवे स्टेशन से खुल गई और वह अनियंत्रित होकर ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति की पुत्री की शादी 28/05/ 2023 को होनी थी। शादी को लेकर वे अपनी पुत्री अंजली कुमारी और पत्नी लालपरी देवी के साथ आ रहे थे। बताते चलें कि जिस पुत्री की शादी होनी थी। वह भी साथ में ही आ रही थीं। लेकीन वे लोग यहां नही उतर पाए। और वह अपनी मां लालपरी देवी के साथ नरकटियागंज चली गई। जब वह अपनी मां के साथ पुनः दूसरे ट्रैन से बगहा आई तो वह अपने पिता को खोजने लगी। तबी उसको पता चला की एक व्यक्ती की ट्रैन से गिर कर मौत हुई है तो वह जाकार देखी तो वह उसके पिता हैं। देखते ही वह चीख चीख कर रोने लगीं। घर में शादी हैं इतने मै पिता की मौत हों जाने से परिवार में कोहराम मचा गया।

# एसएसबी व नेपाल एपीएफ ने की संयुक्त मार्च पेट्रोलिंग

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भारत नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी 21 वी वाहिनी बी कंपनी और नेपाल एपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने एसएसबी कमांडर निरीक्षक जीडी खैराज राम और नेपाल एपीएफ के उप निरीक्षक अश्विन लभसाद के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधि पर लगाम लगाने, घुसपैठ रोकने, शराब तस्करों,मानव तस्करी पर अंकुश लगाने, अपराध और अपराधियों पर पैनी नजर रखने को लेकर संयुक्त रूप से मार्च निकाली गई। इस दौरान हेड कांस्टेबल महेश कुमार मीना, एस एस बी के डौग हैंडलर अंजय कुमार समेत एस एस बी और नेपाल एपीएफ के दर्जनों जवान शामिल रहे।

# उत्साह व श्रद्धापूर्वक ईद की नमाज अदा की गई



राष्ट्रीय खबर

**बेतियाः** पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज में ईद धूमधाम से मनाया गया। ईदगाह वाली मस्ज़िद में अंजुमन इस्लामियां ने ईद की नमाज अदा और दुआ कराया, अंदरुनी हल्की झड़प के साथ शान्तिपूर्ण त्योहार सम्पन्न हो गया। ईद की नमाज और दुआ के बाद, अकीदतमंद एक दूसरे से गले मिल ईद की बधाई (मुबारकबाद) दिया। नरकटियागंज नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की सुबह ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। ईद उल फितर की नमाज ईदगाह और मस्जिदों के साथ सड़कों पर अदा की गई। सुबह ईदगाह वाली मस्ज़िद में बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और ईद की नमाज अदा किया। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मुल्क की तरक्की-खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी। सुबह सवा सात बजे नमाज शुरू हुई। अन्य ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। सभी स्थानों पर प्रशासन सुरक्षा के दृष्टि से कर्त्तव्यनिष्ठ दिखा। पुलिस सक्रिय रही, सुरक्षा व्यवस्था सुव्यवस्थित रहा। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला प्रारम्भ किया। इस अवसर पर बीडीओ, सीओ, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दलित डीएम के हत्यारे आनंद मोहन की रिहाई के लिए नियम बदलना अनुचित, पुनर्विचार करे सरकार : अनिल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बहुजन समाज पार्टी के राज्य प्रभारी अनिल कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गरीब और दलित समाज से आईएएस बने जी कृष्णैया की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जेल में बंद आनंद मोहन की रिहाई के लिए बिहार की नीतीश सरकार द्वारा जो कानून बदला जा रहा है, उससे नीतीश सरकार का दलित विरोधी और अपराध समर्थक चेहरा उजागर हो गया है। श्री कुमार ने कहा कि स्वार्थ बस किसी अपराधी के लिए कानून में बदलाव कर उसे रिहा करवाना एक गलत परंपरा की शुरूआत होगी, जो भविष्य में लोकतंत्र और संविधान के लिए घातक साबित होगी। उन्होंने बिहार में दलित और गरीबों पर हो रहे उत्पीड़न की कई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली बिहार सरकार पहले दिन से ही दलित विरोधी सरकार रही है। किसी भी दलित को न्याय दिलाने के लिए सरकार ने कभी कोई तत्परता नहीं दिखाई लेकिन एक इमानदार दलित आईएएस के हत्यारे को जेल से बाहर लाने के लिए नीतीश सरकार द्वारा जो तत्परता दिखाई जा रही है वह सही नहीं है। इससे दलित और गरीब तबके में रोष है। सरकार अपने इस फैसले पर जरूर पुनर्विचार करें।

# विधान सभा स्तरीय पार्टी कार्यकताओं की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.चः** भारतीय जनता पार्टी विधान सभा स्तरीय पार्टी कार्यकताओं की बैठक वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल खंडेलवाल के आवास पर जिला अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक का संचालन पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा ने की बैठक में आगामी 30 अप्रैल 2023 रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद मन की बात के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड को सफल बनाने हेतु वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात को जन जन तक पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक जिला प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा,जिला कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार गुप्ता, जिला मंत्री गंगाराम सपना शर्मा,मंडल अध्यक्ष महेश मिश्र,रवि पासवान,मुरारी पांडे,पुष्पेंद्र तिवारी,मनोज सिंह,संजय संजू,दुर्गा प्रसाद मुखिया सोनेलाल सहनी, अश्विनी झा,प्रमोद सिंह, मनोज साहनी,बृज किशोर पासवान,अमर किशोर पटेल, चंदन कुमार आदि कई लोग मौजूद थे।

# क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** ईद-उल-फितर का पावन पर्व प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर सुगौली शहरी के और ग्रामीण इलाकों में ईद की रौनक देखी गई।इलाके के सभी इबादतगाहों में ईद की नमाज अता की गयी। नमाजियों ने अल्लाह से देश में अमन-चैन की दुआ मांगी और गले लगाकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।पूरे इलाके में पुलिस की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गयी। हर तरफ ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया।वही मेले लगाएं गये थे मेला मे कही गुब्बार की दुकान तो कही पर खिलौने की दुकान और मिठाई की दुकान,बच्चों ने खुब आनंद लिया। इस मौके पर मुखिया अशफाक अहमद पूर्व मुखिया नईम खान,इम्तियाज आलम,एजाजुल हक,अफरोज आलम,वाजीद अली,मंजूर आलम,खुर्शीद आलम,इम्तियाज मियां,मुन्ना आलम,मुस्ताक आलाम,हारून रशीद,मो.जमालुदीन,तारिक अनवर जिले अहमद,बाबर अली सहित अन्य लोगों ने नमाज अदा की और एक दुसरे से गला मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# पक्की फुलवारी मुहल्ला की जल निकासी के लिए 19.22 लाख रुपए खर्च होंगे

**वार्ड पांच में स्थित पक्की फुलवारी में योजना स्थल का महापौर ने अवलोकन किया**

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम के वार्ड 05 में जल निकासी सुव्यवस्थित करने का कार्य नगर निगम करेगा। वर्षों से जल जमाव की समस्या झेल रहे लोगों को शीघ्र समाधान मिलेगी। पक्की फुलवारी में महापौर एवं कनीय अभियंता मनीष कुमार बनने वाला नाला के स्थानावलोकन उपरांत मीडिया को महापौर ने बताया कि मुहल्ला के अजय तिवारी के घर से अरुण कुमार के भूखंड के पास से एनएच 727 तक की कुल 616 फीट लंबाई में आरसीसी नाला के निर्माण पर 19.22 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। महापौर गरिमा सिकारिया ने यह भी कहा कि नगर निगम क्षेत्र को जलजमाव मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में जल निकासी की उत्तम व्यवस्था, नाला का गंदा जल उपर्युक्त के गंदे पानी का उपचार करके उसे पुनः उपयोग के लायक बनाने के लिए भी योजना पर पहल जारी है। महापौर ने बताया कि वार्ड वार सर्वेक्षण के आधार पर निविदा प्रकाशित करने की पहल जारी है। उन्होंने बताया कि आगामी बरसात में कही भी जल जमाव की समस्या का सामना लोगों को नहीं करनी पड़े इसके लिए नगर निगम प्रशासन कई स्तरों पर कार्य और अन्य पहल कर रहा है।

# तैलिक साहू सभा ने मनाई भामाशाह की जयंती उठी राजनीतिक भागीदारी व एकता की मांग

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** नगर के पुष्पांजलि मैरेज हाल परिसर में रविवार को भामा शाह के जयंती पर तैलिक साहू सभा बगहा के द्वारा एक जयंती समारोह आयोजित किया गया है। इस जयंती समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि श्रीमती कंचल बाला गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा ,विशिष्ट अथिति बगहा नगर सभापति पुष्पा गुप्ता, उपसभापति रश्मि रंजन हीरालाल साहू तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष लालन साह आजाद चम्पारण प्रभारी रहें। इस समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष कंचन बाला गुप्ता ने कहा कि साहू समाज का इतिहास में बहुत बड़ा योगदान है दानवीर भामाशाह ने अपने देश के खातिर अपने धन का न्योछावर कर दिया। हमारा समाज मातृभूमि रक्षा के लिए बहुत बड़ा योगदान है। आज साहू समाज को एकता की जरूरत है। आप एक हो कर अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़े। जो सरकार हमे राजनीतिक हिस्सेदारी देगा हम उसको आपन वोट देंगे। सभापति पुष्पा गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए समाज को शिक्षित होने की जरूरत है। भामासाह जयंती समारोह में उपस्थित होने का सौभग्य प्राप्त मैं अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूँ। हमारे समाज के दानवीर भामासाह भारत ही नही बल्कि विश्व के इतिहास के पन्नो गौरवान्वित किया है। भामासाह दानवीर की उपाधि से नवाजे गये है। भामासाह मातृ भूमि के सेवा में अपने सारे धन को लगा दिया था। इतिहास में बताया जाता है कि मुगलों से महराणा प्रताप जब अपने राज्य को हारे थे। उस समय भामासाह अपने धन को देकर राज्य को बचाने की मिसाल पेश की और उनके धन से महाराणा प्रताप के सैनिको प्रशिक्षण दिया गया और फिर महाराणा प्रताप मुगलो से युद्ध कर अपने राज्य एवं किला वापस लिया। परम पुज्य भामासाह जी अपने मातृ भूमि के रक्षा के लिए अपने धन का परवाह नही किये। जिसकी प्रेरणा से आज हमलोग अपने समाज के उत्थान के लिए अपने धन का प्रयोग करे। अपने समाज के दबे कुचले बच्चो को शिक्षित करे ताकी भामासाह के तरह फिर हमारा समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस करे।

# जलयात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ बाजा,गाजा, हांथी,घोड़े के साथ हजारों श्रद्धालु जलयात्रा में शामिल हुए

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** प्रखण्ड के माली पंचायत के गोड़ीगावां में रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ जलयात्रा के साथ किया गया।जलयात्रा में माली पंचायत के गोड़ीगावा गांवों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।बाजा,गाजा,हाथी,घोड़े के साथ हजारों श्रद्धालु माथे पर कलश लिए जलयात्रा में शामिल हुए।जलयात्रा का शुभारंभ गजराज पूजन के साथ हुआ।वही जलयात्रा में ग्यारह सौ कुँआरी कन्या भी शामिल हुई।गोड़ीगावां गांव के नवनिर्मित शिव मंदिर स्थित यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु डुमरी छपराटोला सिकरहना नदी से पवित्र जल लेने के लिए रवाना हुए।श्रद्धालु गोड़ीगावां गांव होते हुए डुमरी छपरा टोला सिकरहना नदी पहुंचे तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे।यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष भैरो प्रसाद और मेला प्रभारी सन्दीप सहनी,सचिव गोपिचन सहनी सहित सदस्यों ने बताया कि रूद्र महायज्ञ को लेकर गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है। रविवार 23 अप्रैल को जलयात्रा और 24 अप्रैल से प्रारम्भ होगा रुद्र महायज्ञ।वही 3 मई को रुद्र महायज्ञ का पूणार्हुति किया जाएगा।वही वर्तमान सरपंच सुभाष सहनी ने बताया कि शिव मंदिर के स्थापना और रुद्र महायज्ञ का होना गांव और पंचायत के लिए सौभाग्य की बात है,रुद्र महायज्ञ में भंडारा का भी व्यवस्था किया गया है,यज्ञ होने से गांव में शुख शांति होता हैं।

# जहरीली शराब से पीड़ित परिवारों को दी गई टेली लॉ योजना तथा पशुपालन संबंधित योजनाओं की जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** प्रखंड के गिद्धा,कौवाहाँ गांव में हाल ही में जहरीली शराब से हुई मौत वाले,पीड़ित परिवारों से मिलकर सुगौली क्षेत्र के पशु टिकाकर्मी सह वीएलई अवधेश कुमार गुप्ता ने सांत्वना दिया।पीड़ित परिवार के सदस्यों से बात करते हुए पशु टिकाकर्मी सह वीएलई अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हमसब आपके साथ हैं। पीड़ित परिवारों से उन्होंने कहा कि जब भी कोई परेशानी हो,कानूनी जानकारी के अभाव में आप लोग इधर उधर भटक रहे हो,तो टेली लॉ विधिक सहायता केंद्र आपकी हर तरह से सहायता करेगी। आप किसी भी प्रकार के कानूनी सलाह लेना चाहते हैं तो,हमसे संपर्क कर टेली लॉ योजना अंतर्गत घर बैठे पैनल अधिवक्ताओं से निःशुल्क कानूनी सलाह ले सकते हैं, भारत सरकार व न्याय विभाग के द्वारा यह योजना पूरे भारत वर्ष में चलाई जा रही हैं।इसके साथ उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि रोजगार के कई साधन मौजूद हैं,लोग जागरूकता व जानकारी के अभाव में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही उठा पाते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा पैसा कमाने के लालच में हम सभी को कोई भी गलत कार्य नही करना चाहिए।उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग गरीब, असहाय,किसान,पशुपालकों के लिए अनेकों योजना चला रही है। टिकाकर्मी अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमलोग मुर्गी पालन,गाय पालन, बकरी पालन,मछली पालन कर के अच्छी आमदनी कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मुर्गी पालन,बकरी पालन,गाय पालन करना चाहते हैं अथवा मछली पालन करना चाहते हैं,वे पशु चिकित्सालय सुगौली से संपर्क कर सही दिशा निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।शराब उन्मूलन के सम्बंध में उन्होंने कहा कि कहा कि इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है।नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट,तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा हैं। उन्होंने लोगों से मिलकर नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए सभी को नशा छोड़ने,शराब नही पीने तथा नही बेचने की अपील की।उन्होने कहा कि अगर आपके आस पास कोई शराब या अन्य नशीले पदार्थों को खरीद विक्री कर रहा है या निर्माण कर रहा है,तो तत्काल इसकी सूचना अपने थानाध्यक्ष,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, चौकीदार इत्यादि को दे तथा नशा मुक्त समाज निर्माण में अपने थानाध्यक्ष का सहयोग करें।मौके पर पशु टिकाकर्मी रणधीर कुमार,शत्रुधन साह, मो अमजद हुसैन, सहित अन्य मौजूद थे।

# कब्रिस्तान के बाउंड्री निर्माण में संवेदक द्वारा उड़ाई जा रही है मानक की धज्जियां

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासीः** प्रखंड के मुड़ाडीह पंचायत स्थित ठोरी बाजार के सामने कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्माण में मानक और गुणवत्ता को ताक पर रखकर संवेदक के द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराई जा रही है। हद तो तब हो गई कि यहां योजना की बोर्ड भी नहीं लगाई गई है। दियारे की सफेद बालू , घटिया किस्म की ईट , काली गिट्टी के स्थान पर सफेद गिट्टी संवेदक के द्वारा बिना रोक-टोक के धड़ल्ले से यह कार्य किया जा रहा है। दिखाने के लिए सोन सैंड व काली गिट्टी रखी हुई है। हालांकि ग्रामीणों ने दो दिन तक इस पर रोक भी लगाई थी। फिर भी संवेदक के द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। ग्रामीण प्रदीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, प्रमोद द्विवेदी, राजेंद्र यादव आदि ने कहा कि पूरे प्रखंड में ऐसी घटिया कार्य कहीं नहीं हुआ होगा। आने वाले बरसात में यह ध्वस्त हो जाएगा। और संवेदक राशि का लूटपाट कर राम दो ग्यारह हो जाएगा। इस कार्य से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बाउंड्री को फिर तोड़कर अगर निर्माण नहीं कराई गई तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। नवागत डीएम से इस पर कार्रवाई करने की मांग किया गया है। संवेदक के द्वारा यह कार्य पेटीदार से बिक्री कर दिया गया है। तो पेटीदार इसका निर्माण किस प्रकार करेगा। यह सब जानते हैं। इस संबंध में बीडीओ कुमुद कुमार ने बताया कि किस योजना से निर्माण कार्य हो रहा है। इसकी सूचना नहीं है। लेकिन घटिया किस्म से निर्माण करने की सूचना ग्रामीणों ने दी है।

## शहर >> अपडेट

### आर्य समाज ने यज्ञ में आहुतियां देकर पूंछ के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**गया:** आर्य समाज मंदिर मानपुर, गया के प्रांगण में आज साप्ताहिक अधिवेशन के अंतर्गत पूंछ में आतंकियों के द्वारा मारे गए शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देते हुए विशेष यज्ञ की आहुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में सम्मिलित यज्ञ हुआ, जिसमें यजमान किरण आर्या रहीं। सुषमा आर्या ने सुमधुर वैदिक भजन गाया। तत्पश्चात प्यारचन्द कुमार मोहन ने ऋग्वेद का पाठ किया, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र आर्य के द्वारा सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया एवं राजकिशोर आर्य ने महर्षि दयानंद की जीवनी को पढ़कर सुनाया। आर्य समाज के मंत्री सत्येंद्र आर्य ने पूछ में आतंकियों के द्वारा मारे गए 5 शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि देते हुए दुख प्रकट किया ।शान्ति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ इस कार्यक्रम में श्री सत्येंद्र आर्य ,संध्या आर्या ,उपेंद्र आर्य, किरण आर्या, प्यारचन्द कुमार मोहन , दुर्गेश नंदिनी , सुषमा आर्या ,मधुबाला लाल, राजकिशोर आर्य, सत्यव्रत आर्य, गणेश लोहानी आर्य , रंजीत , राजू जी आदि लोग उपस्थित थे।

# बिहार बोर्ड की परीक्षा में बेहतर अंक पाने वाले बच्चों कोचिंग संस्थान ने किया सम्मानित

## कार्यक्रम में विधायक सहित पहुंचे दर्जनों शिक्षक व समाजसेवी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 2023 के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके कोचिंग संस्थान पैराडाइज क्लासेस हरनाटाड के द्वारा रविवार के दिन सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। पैराडाइज कोचिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर धर्मजीत कुमार व डाइरेक्टर मो0 जाहिद अंसारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम मे बिहार बोर्ड की मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर अंक पाने वाले 200 बच्चों को उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संस्थान के द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार के साथ प्रथम स्थान पर पुनिल कुमार को 15000 तथा द्वितीय स्थान पर कृष्णा कुमार को 10000 की नगद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। समारोह की अध्यक्षता उच्च विद्यालय हरनाटांड़ के प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण व संचालन शिक्षक अशोक कुमार व सुनील कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में वाल्मीकिनगर के विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह उपस्थित थे । जिनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। पैराडाइज क्लासेस हरनाटांड़ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा व संचालन काफी बेहतरीन रहा। जिसमें गीत व संगीत के द्वारा युवा छात्र-छात्राओ ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशभक्ति गीतों पर प्रदर्शन किया और उपस्थितो का मन मोहा।मुख्य अतिथि वालमीकिनगर विधायक धीरेन्द्र प्रताप उर्फ रिकु सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बच्चे अच्छे नंबर लाकर अपने माता-पिता, स्कूल तथा कोचिंग संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जाना बहुत सुंदर पहल है। इससे बच्चों में स्पर्धा का विकास जागृत होता है तथा अधिक से अधिक नंबर लाकर पास होने की लालसा जागृत होती है। इस दौरान कोचिंग संस्थान के प्रबंधक सहित सभी शिक्षको को उनके योगदान के लिए विधायक ने बधाई दिया। इस मौके पर पैराडाइज कोचिंग के शिक्षक अमित कुमार, मुकेश कुमार, आनंद कुमार, प्रभुदेव कुमार, ललित मोहन महतो, रमेश कुमार, सुधिर कुमार, सचिन कुमार व शिक्षिका इन्द्रा कुमारी, बिन्दु कुमारी तथा अमृता कुमारी सहित तमाम शिक्षक, शिक्षिका,छात्र, छात्राएँ उपस्थित रहे।

### मझौलिया में आगलगी में 3 घर जलकर राख

**मझौलिया :** मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के रमपुरवा महनवा पंचायत वार्ड नंबर 15 में अचानक आग लगने से तीन घर जल गए। जिन लोगों के घर जले हैं उनमे शम्भू साह, झुन्नू साह और कन्हैया साह नाम बताया गया है। आग की लपटें इतनी तेज कि अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने सब कुछ अपने आगोश में समा लिया। इस अगलगी कपड़ा, बर्तन, गहना, फर्नीचर, अनाज, दो बकरी व अन्य कई सामग्री आग की भेंट चढ़ गई। इस अगलगी में दो बकरिया भी झुलस कर मर गई। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिस समय आग लगी उस समय सर्वप्रथम में समाजसेवी हसमत अली ने पहुंचे और अग्नि पीड़ितों को सभी संभव सहायता का आश्वासन दिया। मझौलिया सीओ सूरज कांत ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को भेजकर अग्निकांड की जांच कर पीड़ित परिवारों को सरकार स्वीकृत आपदा सहायता राशि का भुगतान कराया जाएगा।

### खेतों तक बिजली पहुंचाने का दावा विफल, रुला रहा है पंपीसेट से सिंचाई

**बगहा/पिपरासी :** गंडक पार के प्रखंडों में गन्ना की फसल कड़ाके की धूप से झुलस रहा है। किसान पंपिंग सेट बोरिंग से गन्ने की सिंचाई कर रहे हैं । बारिश नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। किसान दिनेश्वर तिवारी, गजानन प्रसाद ,रविंदर यादव, उमेश यादव आदि किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से गन्ने की फसल झुलस रहा है । बोरिंग पंपिंग सेट से सिंचाई किया जा रहा है । डीजल की महंगाई से आर्थिक कमर टूट रही है । सिंचाई के लिए किसानों को बिजली का कनेक्शन नहीं दी जा रही है। जिससे किसान परेशान हैं। अगर बिजली का कनेक्शन विभाग देता तो कम खर्च में फसल की सिंचाई हो जाता।

### आयुर्विज्ञान संस्थान के दूसरे इकाई की स्थापना के लिए डीएम को लिखा पत्र

**रीगा :** बिहार सरकार के उप सचिव अनिल कुमार द्वारा सीतामढ़ी जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दूसरे इकाई की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। पत्र में लिखा गया है कि केंद्र सरकार बिहार में एक और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान खोलने की स्वीकृति दी है। लेकिन उसके लिए पर्याप्त जमीन की आवश्यकता है। उप सचिव ने करीब एक दर्जन से अधिक जिला पदाधिकारियों को जमीन उपलब्ध कराने संबंधी सहमति देने का पत्र भेजा है। जनता दल यू के श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री अजीत कुमार पटेल ने रीगा प्रखंड स्थित कृषि फॉर्म की जमीन पर ए आई एम एस खोलने की मांग की है। इससे जमीन की उपयोगिता बढ़ जाएगी। यह जमीन आज अनुपयोगी बना हुआ है। एआईएमएस की शाखा खुलने से इस जमीन के साथ-साथ जिले की रौनकता बढ़ जाएगी और लोगों को इलाज के लिए पटना दिल्ली का चक्कर लगाना बंद हो जाएगा। श्री पटेल ने जिले के सभी एमपी और एमएलए को इसमें पहल करने का आग्रह किया है।

### धूमधाम से मना बाबू कुंवर सिंह का विजयोत्सव



राष्ट्रीय खबर

**फेनहारा :** राष्ट्रीय युवा कल्याण मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह के द्वारा बाबू बीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव अवसर पर धूमधाम से रुपौलिया पंचायत के कुम्हरार ग्राम में मुखिया माला सिंह के कार्यालय पर मनाया गया। जहां संस्थापक अध्यक्ष राणा रंजीत एवम वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने वीर कुमर सिंह के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनकी पराक्रम को याद किया। अपने संबोधन के दौरान राणा रंजीत सिंह ने कहा की बाबू बीर कुंवर सिंह सन 1857 के क्रांति के महानायक थे और 80 वर्ष के उम्र में अंग्रेजों को जिस तरह उन्होंने खदेड़ा उनकी वीरता और विजयगाथा को कभी भुलाया नही जा सकता है। मौके पर मुखिया पति राजीव सिंह राणा मदन सिंह सुरेंद्र सिंह मनीष विद्वान चंदन सिंह अमरेंद्र कुमार भारत भूषण अनुज पलट सिंह देवेंद्र सिंह जितेंद्र चंदन सिंह सिंह एवम सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बाबु कुंवर सिंह के राष्ट्रप्रेम व वीरता को हमेशा याद रखा जाएगा : राठौर

### महाराणा प्रताप आर्मी महासंघ का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** क्षत्रिय सेवा महासंघ की ओर से आज कंकड़बाग में बाबू वीर कुँवर सिंह विजयोत्सव के अवसर पर महाराणा प्रताप आर्मी का गठन कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनवंत सिंह राठौर ने कहा कि वीर बांकुड़ा बाबु वीर कुंवर सिंह जैसे राष्ट्र प्रेमी कभी - कभी ही जन्म लेते है, इस अवसर पर महाराणा प्रताप आर्मी का गठन होना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महाराणा प्रताप आर्मी समाज के ऊपर होने वाले हमले के आरोपियों के खिलाफ कानून की मदद करेगी। समाज के लोगों के उपर कही भी हमला होगा आर्मी तुरंत उनके सहायता के लिए तैयार रहेगी। कुंवर सिंह मानव नहीं , महामानव की श्रेणी में आने वाले वीर पुरुष थे, इसीलिए उनके विजयोत्सव के दिन समाज के हित में आर्मी का गठन होना शुभ संकेत है । श्री राठौर ने बाबू कुंवर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू कुंवर सिंह विश्व में वीरता के वो मिशाल है जिनकी तुलना आने वाले दिनों में भी विश्व मे कोई नहीं कर सकता है। आज तक उनके प्रपौत्र बब्लू सिंह के हत्यारे की अब तक गिरफ्तारी न होना कुँवर सिंह जैसे बिभूतियो का अपमान है। इस अवसर पर कुँवर सिंह को पराक्रमी योद्धा बताते हुए महासंघ के राहुल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सोनू सिंह, संजय कुमार सिंह,नीलू नीलांचल, विजय चौहान, मणिशंकर, धर्मवीर सिंह, रणधीर कुमार आदि ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मनाया बाबु कुंवर सिंह का विजयोत्सव



राष्ट्रीय खबर

**सासाराम :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा स्थानीय कार्यालय में बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती विजयोत्सव के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह के नेतृत्व में सासाराम कार्यालय में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा मनाया गया। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर आशुतोष सिंह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजी द्वारा वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला गया वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवंबर 1777 में हुआ। उनके पिताजी का नाम बाबू साहबजादा सिंह बिहार के भोजपुर जिला के जगदीशपुर के रहने वाले थे। बाबू वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष के उम्र में अंग्रेजों का छक्का छुराए थे और 23 अप्रैल 1858 को अंग्रेजों का झंडा उतार कर जगदीशपुर में भारतीय झंडा लगाए थे। बाबू वीर कुंवर सिंह सभी जाति धर्म के लोगों के साथ मिलकर अपने देश भारत के मजबूती हेतु के लड़ाई लड़ते थे,इनके मददगार सभी जाति धर्म के लोग थे। वह एक कुशल वीर सेनानायक थे, उन्हें वीरता के लिए हमेशा ही जाना जाएगा। हम लोगों को गर्व है कि हम लोग भी उन्हीं के जिले शाहाबाद जिले के रहने वाले थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह, सासाराम नगर निगम अध्यक्ष विमलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, कार्यालय प्रभारी बृज बिहारी राय, पप्पू सिंह,रामबाबू सिंह, गुड्डू सिंह, बिंदकेश्वरी सिंह, अयोध्या सिंह, काशीनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, उज्जवल सिंह सैकड़ों अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मुखिया ने निकाला स्वच्छता जागरूकता रैली




राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया, पू च:** लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत को ग्रीन एंड क्लीन बनाने के प्रति तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के मुखिया विनय कुमार समर्पित दिखाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान रैली बैरिया बाजार से निकलकर गांधीघाट तक घुमाया गया। रैली का नेतृत्व कर रहे मुखिया विनय कुमार ने कहा कि पंचायत को ग्रीन एण्ड क्लीन बनाने के प्रति समर्पित तथा सफाई अभियान को मूर्त रुप देने में लगे। उन्होंने ने यह भी कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों व पंचायत के संभ्रांत लोगों का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। पंचायतवासी स्वच्छता अभियान को और हरे भरे पेड़ पौधे का महत्व समझने लगे हैं। साथ ही स्वच्छ्ता के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। रैली में अजय कुमार, सलाउद्दीन मियां, मुन्ना कुमार, नागेंद्र पासवान, शिवपूजन सहनी, रवि भूषण कुमार सहित पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी, सभी वार्ड सदस्य, पर्यवेक्षक व सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया।

## बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर जागरूक जनता पार्टी ने लिया देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प

### हर नागरिक को बिना भेदभाव के सुरक्षा सम्मान के साथ नागरिक अधिकार मिले : मिथिलेश

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** 23 अप्रैल : प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और अन्याय विरोधी बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव आज जागरूक जनता पार्टी द्वारा राजधानी पटना के आईएमए हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर जागरूक जनता पार्टी की ओर से आर्थिक आजादी आंदोलन के नायक व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मिथिलेश बिहारी भारतीय ने अपने संबोधन में बाबू वीर कुंवर सिंह को याद किया और कहा कि सन 1857 में देश को आजादी दिलाने के लिए दीप जलाने वाले बाबू वीर कुंवर सिंह जी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। देश और समाज के लिए उन्होंने बुढ़ापे में भी ब्रिटानी साम्राज्य को ललकार कर दिखा दिया कि बिहार की बूढ़ी हड्डियां भी कमजोर नहीं है। देश हित में उनका बलिदान सर्वोच्च और अनुकरणीय है। उनसे हमें सबक लेकर अपने देश की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने के लिए संकल्पित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति अच्छा करने वाले लोगों को सदैव याद किया जाता है। इसलिए हम सब आपको अपने घर परिवार के साथ सामाजिक रुप से भी अपने हिस्से का योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूक जनता पार्टी भी आज देश में एक आर्थिक आजादी का स्वतंत्रता संग्राम लड़ रही है। हमारे इस संघर्ष का एकमात्र उद्देश्य देश के हर व्यक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए है। साथी हम देश में प्रेम भाईचारा एकता और अखंडता को स्थापित करने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। इस कार्य के लिए हमारे प्रेरणा हमारे पूर्वज हैं। भारत ने कभी दुनिया को विश्वकल्याण का संदेश दिया था। आज एक बार फिर से उसी संदेश को बिहार के रास्ते दुनिया को देने का वक्त आ गया है। हमारी पार्टी विश्वकल्याण चाहती है जिसमें हर नागरिक को बिना भेदभाव के सुरक्षा सम्मान के साथ नागरिक अधिकार की प्राप्ति हो सके। बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजयोत्सव में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा, राष्ट्रीय सचिव सिकंदर कुमार, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी रामनरेश सिंह, राष्ट्रीय सचिव डॉ महेश सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी, महिला सेल बिहार प्रदेश अध्यक्ष रीना सिंह, प्रदेश सचिव बिहार उपेंद्र कुमार, प्रदेश सचिव अजीत सिंह सदस्य बिहार प्रदेश कमेटी आलोक कुमार और प्रदेश संगठन प्रभारी नीलम कुमार सिंह भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने बाबू वीर कुंवर सिंह को का स्मरण करते हुए अपने वक्तव्य को रखा।

### फ्लिपकार्ट ने सुपर कूलिंग डेज की घोषणा

राष्ट्रीय खबर

**सिवान:** फ्लिपकार्ट ने 21-26 अप्रैल, 2023 के दौरान अपने फ्लैगशिप इवेंट ह्यसुपर कूलिंग डेजह्व की घोषणा की है। सुपर कूलिंग डेज का आयोजन फ्लिपकार्ट द्वारा कस्टमाइज्ड पेशकश के तौर पर किया गया है जो ग्राहकों को विभिन्न विक्रेताओं और ब्रैंड्स द्वारा पेश कूलिंग एप्लायंसेज में से मनपसंद का चुनाव करने का मौका देगा। ग्राहकों को तरह-तरह के विकल्पों जैसे कि एनर्जी-एफिशिएंट एसी, एयर कूलरों, बीएलडीसी मोटर्स (ब्रशलैस डायरेक्ट करंट मोटर) से सुसज्जित स्मार्ट फैन्स के अलावा अनेक ब्रैंड्स के रेफ्रिजरेटरों का चुनाव की सहूलियत मिलेगी जिनसे उनके बिजली बिलों में भी बचत होगी। सुपर कूलिंग डेज के दौरान, विक्रेताओं की ओर से कूलिंग एप्लायंसेज पर कई आकर्षक पेशकश की जाएंगी और ग्राहकों को एयरकंडीशनरों, रेफ्रिजरेटरों, एयर कूलिरों तथा फैन्स आदि पर एक्सचेंज बोनस, मुफ्त इंस्टॉलेशंस तथा बैंक एवं प्रीपेड ऑफर्स जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। फ्लिपकार्ट इन्साइट्र्स के अनुसार, ग्राहक एनर्जी एफिशिएंट कूलिंग एप्लायंसेज ज्यादा पसंद कर रहे हैं और साथ ही, वाइ-फाइ इनेबल्ड फीचर्स, फ्रॉस्टवॉशञ टैक्नोलॉजी, बॉटम माउंट फ्रीजर्स, रिमोट कंट्रोल, कन्वर्टिबल टैक्नोलॉजी तथा इन्वर्टर कॉम्पेटिबिलिटी भी चाहते हैं। शोररहित बीएलडीसी मोटरयुक्त फैन्स की मांग सबसे ज्यादा है क्योंकि ये न सिर्फ बिजली की खपत कम करते हैं बल्कि ये फीचर्स टियर 2 एवं अन्य छोटे शहरों में रहने वाले ग्राहकों के लिए भी उपयोगी होते है। कुल-मिलाकर, महानगरों एवं गैर-महानगरीय शहरों जैसे कि बंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, नई दिल्ली, पुणे, पटना एवं वाराणसी में कूलिंग एप्लायंसेज की मांग बढ़ी है। गर्मियां अब समय से पहले शुरू होने लगी हैं और इस वजह से देशभर में कूलिंग एप्लायंसेज जिनमें एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, पंखे और कूलर आदि शामिल हैं, की मांग बढ़ी है। ग्राहक स्मार्ट और एडवांस क्षमताओं वाले एप्लायंसेज की खरीद के लिए अधिक खर्च करने के लिए तैयार रहते है।

### सुना पड़ा चीनी मिल का मुख्य द्वार, नहीं पहुंचे अनशनकारी



राष्ट्रीय खबर

**रीगा :** प्रगतिशील किसान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह द्वारा घोषित आमरण अनशन आंदोलन मिल गेट परिसर में प्रारंभ नहीं हो सका। चीनी मिल को चालू कराने, न्यायालय द्वारा मिल गेट पर लगाए गए ताले को खुलवाने तक आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा अखबार के माध्यम से की गई थी। यह कार्यक्रम रविवार से प्रारंभ होने वाला था। लेकिन चीनी मिल के मुख्य गेट परिसर में अनशन से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ नहीं हो सका। ज्ञात हो कि पिछली बार भी उनके द्वारा अनशन प्रारंभ किया गया था। लेकिन कोई निराकरण नहीं हो सका। इस बार तो यह कार्यक्रम घोषणा के बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका है। जबकि सभी अखबारों में अनशन प्रारंभ करने से संबंधित समाचार छपी हुई है।

# मातृभूमि की रक्षा के लिए भामाशाह ने अर्पित कर दी थी सब जमा पूंजी: डॉ प्रेम

## भाजपा ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभक्त और दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह शहर के अजातशत्रु होटल में मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉ प्रेम कुमार के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभागार में भामाशाह को नमन करते हुए उन्होंने कहा भामाशाह जैसे व्यक्ति युगों युगांतर में जन्म लेते हैं। आज सौभाग्य की बात है बिहार प्रदेश भाजपा के द्वारा पूरे बिहार में जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया। वह निर्णय आज ऐतिहासिक है। भामाशाह का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप के सर्वस्व हो जाने के बाद उनके लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए अपनी संपूर्ण धनसंपदा अर्पित कर दी। महाराणा प्रताप अपना अस्तित्व बचाने के लिए पहाड़ियों में छुपते भटकते रहे।भामाशाह अपने दानवीर के कारण अमर गाथा है कि 25000 सैनिकों को 12 वर्षों तक उनके खाने-पीने व्यवस्था किया। वैसे दानवीर को नमन करते हैं प्रत्येक व्यक्ति इनके आदर्शों को स्मरण करें। और देश की रक्षा में सर्वस्व अर्पित करें। समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता संतोष गुप्ता ने किया। समारोह में भाजपा गया जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार तनी, जिला महामंत्री गोपाल यादव, पप्पू चंद्रवंशी, विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर, जिला तैलिक साहू सभा के जिलाध्यक्ष संजू साव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अकाश गिरी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष करुणा सिंह,उत्तरी मंडल अध्यक्ष शंभू यादव,मध्य मंडल अध्यक्ष पंकज लोहानी,दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाहा,राजेश चौधरी, संतोष सिंह,अशोक सिंह, संजय सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार,पम्मी सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष राहुल रंजन,देव आनंद पासवान, दुर्गा प्रसाद, सुनील प्रसाद, मोहन प्रसाद, रविंद्र कुमार,गनौरी प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद,शिव कुमार महामंत्री रोशन गुप्ता,आमस मंडल अध्यक्ष कल्याण जी,सुरेंद्र कुमार यादव, दीनानाथ प्रसाद,वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# महारुद्र यज्ञ में 351 देवी-देवताओं का प्रतिमा बनकर तैयार

## दौलतागंज में 24 अप्रैल को कलश शोभायात्रा में 2 हजार से अधिक महिलाएं रहेंगी शामिल

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** प्रखंड के अफजलनगर पंचायत अंतर्गत वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 24 अप्रैल को श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ उल्टानाथ महादेव मंदिर तारापुर से यज्ञ स्थल तक 2 हजार से अधिक महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकालकर होना है। गौरतलब है कि कलश शोभा यात्रा को लेकर यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक दिवाकर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह 6:00 बजे बैंड, ताशा, दर्जनों, ढोल, नगाड़े, एवं दर्जनों घोड़ा के साथ उल्टा नाथ महादेव मंदिर से शोभा यात्रा निकलेगी । शोभा यात्रा तारापुर खड़गपुर पीडब्ल्यूडी सड़क मार्ग से नहर मोर खुदिया पहुंचेगी । शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं के लिए मुख्य सड़क के किनारे जगह-जगह ठंडा जल शबत इत्यादि की व्यवस्था की गई है । महायज्ञ की पूणार्हुति 4 मई को होना है। यज्ञ स्थल पर 5 दिन पूर्व से ही मीना बाजार, बच्चों का ब्रेक डांस , मनोरंजन के लिए मौत का कुआं, तारामाची , एवं हजारों से अधिक छोटी बड़ी खाने पीने से लेकर खिलौने एवं काठ सामग्री की दुकानें पूरी तरह से सज गई है । यज्ञ देखने आने वाले लोगों के लिए अधिक रात होने पर रात्रि में ठहरने की भी व्यवस्था कमेटी के द्वारा किया गया है। वही पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन ने बताया कि महारुद्र यज्ञ को लेकर अनुमंडल प्रशासन से लिखित रूप में परमिशन भी लिया जा चुका है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं का प्रशासन के साथ-साथ मेला कमेटी के सदस्य पूरा ख्याल रखेंगे । यज्ञ में आने वाले लोगों के लिए जगह-जगह पीने का पानी इत्यादि की भी बेहतर इंतजाम किए गए हैं।



### श्वेत क्रांति-2 आने से पशुपालकों की बढ़ेगी आमदनी:डॉ प्रेम

**गया:** बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह गया शहर के विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार के श्वेत क्रांति-2 के तहत दुग्ध उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन के लिए कमर कसी है। अब दूध प्लांट लगाने के लिए 15 करोड़ रुपए का अनुदान, चारा प्लांट लगाने के लिए 7.50 करोड़ का अनुदान दे रही है। भारत सरकार अगले 3 साल में ग्राम स्तर पर 2 लाख प्राथमिक डेयरी स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपरोक्त निर्णय से दूध उत्पादकों की आय में होगी विधि। लोगों के आहार में पोषण बढ़ेगा। पशुओं की देखभाल में होगी वृद्धि। अधिक से अधिक पशुपालन बनेंगे। मानव हित की रक्षा होगी। रोजगार सृजन होगा। डेयरी उद्योग में काम करने वाली महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। गो पालक होंगे आत्मनिर्भर।

### सात दिवसीय भागवत कथा पुर्व 151 कन्याओं द्वारा निकाला गया कलश शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

**संग्रामपुर :** रामपुर पंचायत अंतर्गत मनिया गांव की युवा मंडली द्वारा गांव के बगीचे में रविवार 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन रविवार को 151 कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गयी। जो नारायण यादव इन्टर कॉलेज मंझगांय से निकलकर रामपुर नहर मोर, मनियां धर्मशाला होते हुए मनिया गांव बगीचा स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहाँ हरिद्वार से पधारे भागवत कथा वाचक रामजी त्रिपाठी एवं ग्रामीणों द्वारा कलश के साथ कुमारी कन्याओं का पूजन करा कर पवित्र कलश को स्थापित कराया गया। भागवत कथा पूरे एक सप्ताह तक अपराह्न 4 बजे से प्रारंभ होकर 8 बजे तक जारी रहेगी। भागवत कथा के लिए मुख्य यजमान सहदेव झा एवं उनकी धर्मपत्नी ज्ञानी देवी होंगी। कथावाचक श्री त्रिपाठी ने कहा कि मनिया गांव में भागवत कथा के लिए उनका तीसरी बार आगमन हुआ है। सबसे पहली बार कथा करने वे स्वर्गीय चतुर्भुज झा के बुलावे पर मनियां गाँव आए थे। अब तो वे नहीं रहे। परंतु मनियां गांव के लोगों के साथ साथ यहाँ के युवाओं ने इतना स्नेह दिया है कि वे लोग जब भी बुलाते हैं वे उनके प्रेम से बंधकर कथा करने खिंचे चले आते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में गौतम झा, नितेश झा, कुंदन शर्मा, सुमंत कुमार, अभिषेक कुमार के साथ साथ समस्त मनियां ग्रामवासियों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# मातृभूमि की रक्षा के लिए भामाशाह ने अर्पित कर दी थी सब जमा पूंजी: डॉ प्रेम

### भाजपा ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभक्त और दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह शहर के अजातशत्रु होटल में मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉ प्रेम कुमार के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभागार में भामाशाह को नमन करते हुए उन्होंने कहा भामाशाह जैसे व्यक्ति युगों युगांतर में जन्म लेते हैं। आज सौभाग्य की बात है बिहार प्रदेश भाजपा के द्वारा पूरे बिहार में जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया। वह निर्णय आज ऐतिहासिक है। भामाशाह का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप के सर्वस्व हो जाने के बाद उनके लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए अपनी संपूर्ण धनसंपदा अर्पित कर दी। महाराणा प्रताप अपना अस्तित्व बचाने के लिए पहाड़ियों में छुपते भटकते रहे।भामाशाह अपने दानवीर के कारण अमर गाथा है कि 25000 सैनिकों को 12 वर्षों तक उनके खाने-पीने व्यवस्था किया। वैसे दानवीर को नमन करते हैं प्रत्येक व्यक्ति इनके आदर्शों को स्मरण करें। और देश की रक्षा में सर्वस्व अर्पित करें। समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता संतोष गुप्ता ने किया। समारोह में भाजपा गया जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार तनी, जिला महामंत्री गोपाल यादव, पप्पू चंद्रवंशी, विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर, जिला तैलिक साहू सभा के जिलाध्यक्ष संजू साव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अकाश गिरि, महिला मोर्चा के अध्यक्ष करुणा सिंह,उत्तरी मंडल अध्यक्ष शंभू यादव,मध्य मंडल अध्यक्ष पंकज लोहानी,दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाहा,राजेश चौधरी, संतोष सिंह,अशोक सिंह, संजय सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार,पम्मी सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष राहुल रंजन,देव आनंद पासवान, दुर्गा प्रसाद, सुनील प्रसाद, मोहन प्रसाद, रविंद्र कुमार,गनौरी प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद,शिव कुमार महामंत्री रोशन गुप्ता,आमस मंडल अध्यक्ष कल्याण जी,सुरेंद्र कुमार यादव, दीनानाथ प्रसाद,वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




# देशभक्त भामाशाह के बताए हुए मार्गों पर चलने का ले संकल्प:संजू

### तैलिक साहू समाज ने एकजुटता का दिया परिचय

राष्ट्रीय खबर

**गया:** दानवीर सूर्यवीर भामाशाह की जयंती शहर के तैलिक साहू सभा के बैनर तले तैलिक भवन टिकारी रोड में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन नैना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद गया एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।साथ ही जिला कमेटी के चुनाव में सर्वसम्मति से तीसरी बार संजू लाल को गया जिला तैलिक साहू सभा का अध्यक्ष चुना गया। गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला के सभी कमेटी पदाधिकारी एवं महिला कमेटी के पदाधिकारी का चयन किया गया। जिला में सत्यवती देवी को महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में शहर एवं प्रखंड के लोग भाग लिए साथ ही बिहार से आए पदाधिकारी गन ने बारी-बारी से भामाशाह जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि सभी समाज के लोगों को इनके बताए हुए मार्गो पर चलने का जरूरत है।इस कार्यक्रम में उमेश प्रसाद, अर्जुन प्रसाद,रंजन दास,सिम्मी प्रसाद,रेखा कुमारी, कंचना गुप्ता, जियालाल उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव लाल ने किया एवं मंच का संचालन दुर्गा प्रसाद एवं सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



# जैन महिलाओं ने अक्षय तृतीया पर वितरित किया गन्ने का रस

### भगवान आदिनाथ की हुई विशेष पूजा-अर्चना

राष्ट्रीय खबर

**गया:** अक्षय तृतीया का पर्व ना केवल सनातन परंपरा में बल्कि जैन धर्म में भी विशेष महत्व रखता है। रविवार को स्थानीय रमना रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भक्तांबर मंडल के द्वारा अक्षय तृतीया कहां पर बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री 1008 भगवान आदिनाथ ऋषभदेव का पारणा महोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ की गई। जैन महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा से सुशोभित होकर शांति धारा के मंत्रोच्चारण से विधि विधान पूर्वक भगवान आदिनाथ देव का अभिषेक कर अष्टद्रव्य से पूजा अर्चना की। बताया जाता है कि भगवान आदिनाथ एक वर्ष की कठिन तपस्या के उपरांत देशाटन को निकले थे तो राजा श्रेयांश द्वारा उन्हें 6 महीने के बाद प्रथम आहार चर्या के रूप में (इच्छु) गन्ना का रस दिया गया था। तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने सर्वप्रथम गन्ने के रस से अपना व्रत खोला था। वह दिन वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि थी। करोड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा का निर्वाहन करते हुए मंदिर के मुख्य द्वार पर महिलाओं के द्वारा मार्ग से गुजरने वाले आम लोगों को गन्ने का रस पिलाया गया। जैन परंपरा अनुसार अक्षय तृतीया के दिन से ही दान करने की परंपरा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जैन भक्तांबर मंडल के अध्यक्ष खुशबू पांड्या,रिंकी बड़जात्या, नीलम बड़जात्या एवं मोनिका अजमेरा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं उपस्थित थे।



# एजुकेशन फेयर में हजारों छात्रों ने लिया हिस्सा

## देशभर के शीर्षस्थ 100 से ज्यादा कॉलेजों के स्टूडेंट्स, उनके अभिभावक पहुंचे

### प्रेरक और फैकल्टीज ने दिए टिप्स, काउंसलिंग भी की गई

राष्ट्रीय खबर

**पटना:** 25 लाख स्थाई मेंबरशिप वाले ए टू जेड देखो संस्थान की ओर से बिहार बिगेस्ट एजुकेशन फेयर का आयोजन राजधानी में किया गया। पहली बार हुए इतने बड़े आयोजन में देशभर के टॉप मोस्ट 100 से ज्यादा कॉलेजों के स्टूडेंट्स, उनके अभिभावक व कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस एजुकेशन फेयर में 100 से भी ज्यादा गेस्ट ने शिरकत किया। यह आयोजन फ्रेजर रोड के एरिना रिजॉर्ट में किया गया। इंजीनियरिंग, मेडिकल, बीबीए, बीसीए, होटल मैनेजमेंट और अन्य कॅरियर ओरिएंटेड कोर्स जैसे एमबीए, पीजीडीएम, एमसीए आदि की तैयारी करने वाले छात्रों को उनके कॅरियर से संबंधित जानकारी दी गई। टॉप मोस्ट मोटिवेटर्स और फैकल्टीज ने उन्हें बताया कि किस तरह सुव्यवस्थित तैयारी करके और ए टू जेड देखो संस्थान की मदद से अपने कॅरियर के गोल को अचीव किया जा सकता है। हजारों छात्रों को यह बताया गया कि ए टू जेड देखो संस्थान से जुड़ने के बाद परीक्षाओं की तैयारी और सक्सेस की पूरी जिम्मेवारी संस्थान की होती है। अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से उन्हें उनकी परीक्षाओं से संबंधित हर तरह की संपूर्ण तैयारी सुव्यवस्थित ढंग से कराई जाती है। उन्हें संस्थान की स्वर्णिम उपलब्धियों के संबंध में भी बताया गया। छात्रों की काउंसलिंग की गई और वह किस प्रकार से स्कॉलरशिप भी पा सकते हैं इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों और अभिभावकों ने अतिथियों से प्रश्न पूछे और उत्तर पाकर संतुष्ट हुए। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए टॉप मोस्ट यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के छात्र ए टू जेड देखो संस्थान से काफी प्रभावित हुए। इस मौके पर आयोजक रौशन राज, गुरु रहमान, जय सिंह राठौड़, पूर्व विधायक उदय मांझी भी उपस्थित थे।



### मातृभाषा हिंदी संगठन आयोजित द्वारा युवा काव्य गोष्ठी आपकी आवाज आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी के एसपी वर्मा रोड स्थित रंग मार्च स्टूडियों में मातृभाषा हिंदी संगठन की ओर से आयोजित युवा काव्य गोष्ठी आपकी आवाज में बिहार के नवोदित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम युवा कवि कुमार लक्ष्मीकांत के आयोजन, हिमांशु जयसवाल के संयोजन एवं निर्भय निर्वाण के संचालन में संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिष्ठित लेखिका एवं आर्केड बिजनेस कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर कवयित्री रश्मि गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति रही। इस मौके पर निर्भय निर्वाण, कुमार लक्ष्मीकांत, हिमांशु जायसवाल, आयुष गजलकार, विपुल पांडे, गोविंद माधव, अश्वनी कविराज, विकास कुमार, कुंदन क्रांति, अक्षत भारद्वाज, राजू कुमार, अनुप रंजन, करण किशोर गुप्ता, कुमार विष्णु प्रकाश, आशुतोष चौधरी, धर्म राज, यादव प्रियांशु, उत्तम प्रताप, आदर्श कुमार, सुबोध कुमार, अमन कुमार, कुमार राजा, पूजा भूषण झा, वर्षा रानी, प्राची सिंह, प्रियंका, निहारिका, अंजलि भारद्वाज, दिव्या सिंह, प्रीती कुमारी ने अपनी काव्य पाठ से दर्शक तथा श्रोताओं का मन मोह लिया।

# शूटिंग रिपोर्ट : फिल्म चम्पारण सत्याग्रह की शूटिंग में दिखा कोठी मैनेजर का अत्याचार

### कॉरपोरेट रूप में हो रहा फिल्म का शूटिंग

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू च :** आज की युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने को युवराज मीडिया एण्ड इन्टरटेनमेंट द्वारा चम्पारण सत्याग्रह नाम से भव्य फीचर फिल्म एवं वेब सीरीज बनायी जा रही है। जिसमें भोजपुरी एवं हिन्दी फिल्मों के मशहूर कलाकार, अधिकारी व राजनेता अभिनय कर रहे हैं। फिल्म सम्पूर्ण विश्व में चम्पारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराएगी। शूटिंग में सोलहवें दिन शेख गुलाब के ऊपर कोठी मैनेजर को बेइंतेहा अत्याचार करते हुए देखा गया। जिसमें पत्रकार पीर मोहम्मद मुनीस (अखिलेश्वर यादव) द्वारा पं. राजकुमार शुक्ल (डा. राजेश अस्थाना), शेख गुलाब (शशिभूषण राय), संत राउत (चुन्नू पाण्डेय) को प्रताप अखबार में चम्पारण के किसानों के समर्थन में छपी खबर की प्रति देते हैं। उधर कोठी मैनेजर द्वारा क्रांतिकारी शेख गुलाब को पकड़कर उनपर बेइंतेहा अत्याचार किया। कॉरपोरेट रूप में बन रही यह फिल्म एवं वेब सीरीज में सुप्रसिद्ध गाँधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित पुस्तक चम्पारण में बापू से संदर्भित है। युवा फिल्मकार ई. युवराज द्वारा निर्मित चम्पारण सत्याग्रह की परिकल्पना, कथानक, स्क्रिप्ट, संवाद, अभिनय एवं निर्देशन का जिम्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बिहार के चर्चित फिल्मकार डा. राजेश अस्थाना ने संभाला है। फिल्म के गीतकार चम्पारण के ही गीतों के राजकुमार की उपाधि से विभूषित पंडित अश्विनी कुमार आँसू एवं डा. राजेश अस्थाना हैं तो संगीतकार स्नेहाशीष शिबू देव हैं। फिल्म में छायांकन अशोक माही, स्थिर छाया रिंकू गिरी का है तो संपादन बिहार के चर्चित फिल्म संपादक प्रेम आकाश एवं साउंड डिजाइन प्रेम कुमार के हैं। फिल्म में स्पॉट गोलू ठाकुर एवं रंजन कुमार, रूप सज्जा माइकल के हैं तो कला निर्देशन ऐतिहासिक सेट बनाने में माहिर राजकुमार उपाध्याय और टीम के हैं।



### सामूहिक विवाह में 5 युगल ने एक दूसरे का हाथ थामा

**मझौलिया:** प्रखंड अंतर्गत माघोपुर में मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में 5 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा भी किया। उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है। वर्तमान परिवेश में लड़कियां पढ़ लिख कर उच्च पदों पर जा रही है, लेकिन हमारा समाज भेदभाव और अमीरी गरीबी के बीच फंसा हुआ है। इस सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया है। उपर्युक्त कार्य सबके लिए अनुकरणीय है। ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहला जोड़ा संदीप राम और बच्ची कुमारी, दूसरा जोड़ा चंदन कुमार और मुन्नी कुमारी, तीसरा जोड़ा बंका साह और सरिता कुमारी, चौथा जोड़ा मोतीलाल कुमार और संजना कुमारी एवं पांचवा जोड़ा सिकंदर कुमार और संध्या कुमारी के हैं। जिनको प्रोजेक्ट कन्या महाविद्यालय माधोपुर में आयोजित विवाह स्थल पर आचार्य पंडित उमेश तिवारी और आचार्य उपेंद्र तिवारी ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया। इस दौरान 5 जोड़े विधिवत ढंग से एक दूजे के हो गए, साथ जीने और मरने की कसमें खाई।परिणय सूत्र में बंधने के पूर्व विवाह स्थल पर विवाह गीत स्वागत गान भी प्रस्तुत किया। जिसमें दूल्हा बड़ा अलबेला, सर पर बांध सेहरा, काफी रोचक रहा। सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि वर वधू को ट्रस्ट ने पलंग, रजाई, तोसक, अलमारी, बर्तन, गहना, घरेलू सामग्री उपहार स्वरुप प्रदान किया।

## संपादकीय

# सत्यपाल मलिक पहले भी गिरा चुके हैं एक सरकार

सत्यपाल मलिक के खुलासे के बाद भाजपा खेमा में लगभग चुप्पी है। सिर्फ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर अपनी राय दी है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप है। वह अडाणी मुद्दे पर भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। इसके बीच राहुल गांधी अपनी सदस्यता गंवाने और सरकारी बंगला खाली करने के बाद यह कह चुके हैं कि वह सच बोलने की कीमत चुका रहे हैं और वह इसके लिए तैयार हैं। इस तरह माहौल बदल रहा है। इसके बीच ही सत्यपाल मलिक को सीबीआई द्वारा बुलाने तथा आरके पुरम थाना में उनके जाने के बाद कई पुरानी यादों को राजनीति के जानकारों ने ताजा कर दिया है। यह बता देना प्रासंगिक है कि सत्यपाल मलिक पहले भी इस तरीके से सरकार के टकरा चुके हैं। बोफोर्स तोप सौदा मामले में वह पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह के साथ थे। घटनाक्रम कुछ ऐसा था कि इंदिरा गांधी की मौत के तुरंत बाद हुए चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 404 सीटें जीती थी। बोफोर्स तोप सौदे में दलाली और भ्रष्टाचार से खफा होकर वीपी सिंह



ने अप्रैल 1987 में न केवल केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया था बल्कि राजीव गांधी की सरकार को उखाड़ फेंकने का जिम्मा भी उठा लिया था। कांग्रेस और केंद्र सरकार से इस्तीफा देने के बाद वीपी सिंह ने तब अरुण नेहरू और आरिफ मोहम्मद खान के साथ मिलकर जन मोर्चा बनाया था। इसी बैनर के तहत वह देशभर में राजीव गांधी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ जनसभाएं कर रहे थे। 1988 के शुरूआती दिनों में सर्दी के मौसम में वीपी सिंह अपने साथियों के साथ पश्चिमी यूपी के बड़ौत में जन मोर्चा की पहली बड़ी जनसभा करने पहुंचे थे। उस वक्त 40 वर्षीय सत्यपाल मलिक ने जाट लैंड पर वीपी सिंह की अगुवानी की थी। भीड़ हजार से ज्यादा नहीं रही होगी फिर भी मंच पर सत्यपाल मलिक को अरुण नेहरू और रामधन के साथ बैठाया गया था। यह इस बात की तस्दीक थी कि जाट लैंड समेत अन्य हिस्सों में सत्यपाल मलिक की जिम्मेदारी और ओहदा बढ़ने वाला है। 1989 के अगस्त आते-आते वीपी सिंह ने देश में राजीव गांधी और कांग्रेस के खिलाफ हवा बना दी थी। अगस्त 1989 में विपक्षी दलों के सभी सांसदों ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। राज्यसभा से इस्तीफा देने वालों में सत्य पाल मलिक तब इकलौते सांसद थे। वह तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार में हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वीपी सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। 1989 के चुनाव में जनता दल ने उन्हें अलीगढ़ से उतारा था। अलीगढ़ से चुनाव जीतने के बाद वीपी सिंह की सरकार में मलिक को संसदीय कार्य और पर्यटन राज्यमंत्री बनाया गया था। 1946 में मेरठ में जन्मे सत्य पाल मलिक शुरूआती वर्षों में सोशलिस्ट पार्टी की युवा शाखा समाजवादी युवजन सभा के सदस्य रह चुके थे। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन अब्बास अली से सियासी ट्रेनिंग ली थी। छात्र-जीवन में ही फायरब्रांड नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले मलिक समाजवादी नेता राज नारायण और राम मनोहर लोहिया से खासे प्रभावित रहे हैं। 1970 तक आते-आते वह देश के सबसे बड़े किसान नेता चौधरी चरण सिंह के खास लोगों में शुमार हो चुके थे। सत्य पाल मलिक चरण सिंह की पार्टी लोक दल के महासचिव भी रह चुके हैं। कहा जाता है कि मोरारजी देसाई की सरकार गिरने के बाद चौधरी चरण सिंह की सरकार बनवाने में मलिक ने इंदिरा गांधी के साथ वार्ता में अहम भूमिका निभाई थी। 1980 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार वापस आई तो मलिक को राज्यसभा में भेजा गया था। 1986 में उन्हें दोबारा राज्यसभा भेजा गया था लेकिन 1989 में उन्होंने वीपी सिंह का साथ देने के लिए कांग्रेस और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए मीडिया का एक वर्ग उनपर जो सत्ता का लोभी होने का आरोप मढ़ना चाहता है, वह पूर्व रिकार्ड की वजह से खास तौर पर जाटलैंड में स्वीकार्य नहीं होगा। इसलिए जो दांव दूसरे दलों के नेताओं पर चल जाता है, वही दांव सत्यपाल मलिक पर भी चलेगा, इसकी संभावना नहीं है। इसके पहले ही अडाणी कांड की वजह से भाजपा के अंदर भी एक संशय का वातावरण बनता दिख रहा है। दूसरे मुद्दों पर तुरंत बोलने वाले नेता इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं, यह जनता का सवाल बन चुका है। ऐसी स्थिति में सत्यपाल मलिक ने जम्मू कश्मीर में राज्यपाल रहते हुए जिन दो प्रमुख मुद्दों की चर्चा कर दी है, वे हल्के में समाप्त होने वाले नहीं है। पुलवामा के आतंकी हमले के वक्त सुरक्षा बलों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हवाई जहाज क्यों नहीं दिया तथा सरकारी कर्मचारियों के बीमा के लिए किसी निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने की सिफारिश से माहौल बदला है। इसलिए तय है कि पुराने दांव शायद इस जाट और किसान नेता पर काम नहीं करेंगे।

भारत में जनसंख्या विस्फोट

# हकीकत और फसाना



संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल ही में जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक भारत इसी वर्ष अर्थात 2023 के मध्य तक चीन की जनसंख्या को पछाड़ता हुआ दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जायेगा । हालांकि भारत में अंतिम बार जनगणना 2011 में हुई थी उस के बाद से अब तक जनगणना ही नहीं हुई है इसलिए मौजूदा वर्ष 2023 में भारत की वास्तविक जनसंख्या क्या है। लिहाजा किस आधार पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा भारत के चीनी जनसंख्या को पीछे छोड़ने का दावा किया गया है ? स्वयं संयुक्त राष्ट्र के कुछ विशेषज्ञ यह स्वीकार करते हैं कि भारत सरकार ने 2019 के बाद ‌‌‌‌सैंपल सर्वे के आंकड़े भी जारी नहीं किए हैं। अभी तक 2020, 2021 और 2022 के असली आधिकारिक आंकड़े ही बाहर नहीं आए हैं। लिहाजा जो भी अनुमान लगाए गये हैं वह पिछले आंकड़ों और 2019 तक की विभिन्न स्त्रोतों से मिली जानकारियों पर ही आधारित है। जनसंख्या वृद्धि के आंकड़े बताते हैं कि भारत की आबादी 1950 से लेकर 1980 के बीच तेजी से बढ़ी है। 1951 में भारत की जनसंख्या 36.1 करोड़ थी जो 1981 में बढ़ कर 68.3 करोड़ हो गई थी। अर्थात इस दौरान भारत की आबादी में 32.2 करोड़ की वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानानुसार, विगत 70 वर्षों में भारत की जनसंख्या में एक अरब की रिकार्ड वृद्धि हुई है। इन्हीं अनुमानों व आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसंख्या 1.428 अरब हो जाएगी जो कि यूरोप की 74.4 करोड़ या अमेरिकी महाद्वीप की 1.04 अरब की जनसंख्या से भी अधिक है।



**तनवीर जाफरी**
पत्रकार

परन्तु आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि बीते तीन दशक के दौरान जनसंख्या वृद्धि की रफ़्तार धीमी होनी शुरू हुई है। भारतीय जनसंख्या हालांकि अभी भी बढ़ तो रही है परन्तु जनसंख्या वृद्धि दर 40 वर्ष पूर्व जैसी नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु भारत में सरकारी स्तर पर किये गये तरह तरह के प्रयास व जागरूकता मिशन का भी जनसंख्या नियंत्रण में अहम योगदान रहा है। दशकों पूर्व सरकार द्वारा 'हम दो हमारे दो ' के नारे का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार किया गया था। नसबंदी व जनसंख्या नियंत्रण के दूसरे कई लोकलुभावन उपायों का भी सरकारी स्तर पर जोरदार प्रचार किया गया। यहां तक कि आपातकाल के दौरान नसबंदी के नाम पर जबरदस्ती किये जाने के आरोप का भी सामना उस समय की कांग्रेस सरकार को करना पड़ा। इन सबसे अलग देश का प्रबुद्ध वर्ग जहां भारत में बेतहाशा बढ़ती आबादी का कारण गरीबी,अशिक्षा अज्ञानता तथा दूरदृष्टि की कमी बताता रहा है वहीं साम्प्रदायिकतावादियों का एक वर्ग ऐसा भी है जो बढ़ती जनसंख्या के लिये भारतीय मुसलमानों को जिम्मेदार ठहरता रहा है। और इसे राजनीति के मुख्य शस्त्र के तौर पर इस्तेमाल करता आया है।

एक ओर तो देश की सरकार दशकों से अरबों रुपए खर्च कर तरह तरह की योजनायें बनाकर देश में जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों में लगी हुई है वहीँ दूसरी ओर मुसलामानों की जनसंख्या वृद्धि का हौव्वा खड़ा कर देश की बहुसंख्य आबादी में भय पैदा करने की कोशिश की जाती रही है। और अपनी इन्हीं कोशिशों के तहत तरह तरह की मिथ्या बातें भी बड़े बड़े धार्मिक मंचों यहाँ तक कि 'धर्म संसद ' कहे जाने वाले मंच से भी की जाती रही हैं। कई स्वयंभू धर्मगुरु बार बार अपने समर्थकों के बीच हिन्दू समुदाय के लोगों से तीन से चार बच्चे तक पैदा करने का आह्वान कर चुके हैं। स्वयं को शंकराचार्य बताने वाले एक संत फरमा चुके हैं कि 'मोदी को फिर से पी एम बनाने के लिये हिन्दू दस बच्चे पैदा करें'। कोई संत कहता है कि यदि हिन्दू महिलाओं ने चार से अधिक बच्चे पैदा नहीं किये तो पछताना पड़ेगा। एक साध्वी फरमाती हैं कि हिन्दू चार बच्चे पैदा करें उनमें से दो बच्चे आर एस एस को दें और दो विश्व हिंदू परिषद के सुपुर्द करें। तो एक और साध्वी अपना ज्ञान बांटते हुये कहती हैं कि हिन्दू तीन बच्चे पैदा करें इनमें से एक देश के नाम करें दूसरा घर चलने के लिये अपने पास रखें और तीसरे को सेना में भेजें। यही साध्वी अपने नफरती बोल में यह भी कहती हैं कि 'मुसलमानों के लिये बीस बच्चे अल्लाह की देन हैं जिन्हें वे पैदा कर सड़कों पर छोड़ देते हैं। यदि अल्लाह उनपर मेहरबान हो सकता है तो भगवान भी हिन्दुओं पर दयालु क्यों नहीं हो सकता'। इस तरह न केवल हजारों धर्मगुरु देश के बहुसंख्य समाज में अल्पसंख्यक वर्ग का भय पैदा कर समुदाय विशेष के लोगों से जनसंख्या वृद्धि करने का आह्वान करते रहे हैं बल्कि इसी सोच के दक्षिणपंथी नेता भी 5 -25 जैसी बातें सार्वजनिक तौर से करते रहे हैं।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार तो भारत के सभी धार्मिक समूहों में प्रजनन दर कम हो रही है। हिंदू भारत की जनसंख्या का लगभग 80% हैं और इस धार्मिक समूह में प्रजनन दर प्रति महिला 1.9 जन्म है। जबकि 1992 में हिन्दू प्रजनन दर प्रति महिला 3.3 थी। इसी प्रकार मुसलमानों में भी 1992 के बाद प्रजनन दर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। यहां तक कि जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, मुस्लिम और हिंदू समूहों में भी प्रति व्यक्ति प्रजनन दर पहले से कम हुई है। महिला जन्म दर की गिरावट मुसलमानों में हिंदुओं के मुकाबले अधिक है। ये 1992 में 4.4 जन्म थी जो 2019 में गिरकर 2.4 हो गई। निश्चित रूप से यह देश के शिक्षित व जागरूक होने व जनसंख्या नियंत्रण सम्बन्धी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वन का ही परिणाम है। जन्म दर में गिरावट शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं तक आम लोगों की बेहतर पहुंच के कारण ही संभव हो सकी है । परन्तु सवाल यह है कि जब देश की सरकार जनसंख्या नियंत्रण पर हजारों करोड़ रुपए खर्च कर चुकी हो और अब भी इस योजना को प्रोत्साहित करती हो ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण की सरकारी नीति के विरुद्ध जनसंख्या वृद्धि के लिये देश की बड़ी आबादी को धर्मगुरुओं व राजनेताओं द्वारा वरगलाना भी भारत में जनसंख्या विस्फोट का कारक है ? जो धर्म गुरु अपना प्रवचन सुनाने के लिये हजारों लाखों लोगों को इकठ्ठा करने का सामर्थ्य रखते हों क्या उनके भक्तगण उनकी बातें मानकर जनसंख्या वृद्धि की दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे ? मजे की बात तो यह है कि बच्चे अधिक पैदा करने का ज्ञान तो धर्मगुरु व नेता सारे ही देते हैं परन्तु उनका पालन पोषण ,उनकी शिक्षा व रोजगार की बात कोई नहीं करता ?दरअसल भारत में जनसंख्या विस्फोट की हकीकत कुछ और है और फसाना कुछ और ही गढ़ा जा रहा है।

# दिखावटीपन से बचें

**प्रेरक-प्रसंग**



एक व्यक्ति को किसी बड़े पद पर नौकरी मिल गयी। वह इस नौकरी से खुद को और बड़ा समझने लगा, लेकिन वह कभी भी खुद को बड़े पद के मुताबिक नहीं ढाल सका। एक दिन वह अपने ऑफिस में बैठा था, तभी बाहर से उसके दरवाजे को खटखटाने की आवाज आई। खुद को बहुत व्यस्त दिखाने के लिए उसनें टेबल पर रखे टेलीफोन को उठा लिया और जो व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा था उसे अन्दर आने के लिए कहा। वह अन्दर आकर इंतजार करने लगा, इस बीच कुर्सी पर बैठा अधिकारी फोन पर चिल्ला-चिल्ला कर बात कर रहा था। बीच-बीच में वह फोन पर कहता, कि मुझे वह काम जल्दी करके देना, टेलीफोन पर अपनी बातों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा था। ऐसे ही कुछ मिनट तक बात करने के बाद उस आदमी ने फोन रखा और सामने वाले व्यक्ति से उसके ऑफिस आने की वजह पूछी। उस आदमी ने अधिकारी को जवाब देते हुए कहा, सर, मुझे बताया गया था कि 3 दिनों से आपके इस ऑफिस का टेलीफोन खराब है और मैं इस टेलीफोन को ठीक करने के लिए आया हूँ। हमें कभी भी दिखावा नहीं करनी चाहिए। हम दिखावा करके क्या साबित करना चाहते हैं, इससे हम कभी भी कुछ हासिल नहीं कर सकते, हमें किसी के सामने झूठ बोलने की क्या जरूरत! दिखावा करके हम खुद की नजरों में कभी भी ऊपर नहीं उठ सकते। दिखावा करने से बचिए क्योंकि इससे लोग पीठ पीछे आपकी ही बुराई करेंगे। मुखौटा मत लगायें।

(१४ अप्रैल - राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस)

## बिखर गई पंचायतें, रूठ गए है पंच भटक राह से है गए, स्वशासन के मंच



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्तंभकार

राज्य सरकार स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से स्थानीय सरकारों को बाध्य करती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए अक्सर ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों से तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है, सरपंचों के लिए एक थकाऊ प्रक्रिया जिसके लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता होती है।

स्थानीय कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने की सरपंचों की क्षमता सीमित है। कई राज्यों में, पंचायत को रिपोर्ट करने वाले स्थानीय पदाधिकारियों, जैसे ग्राम चौकीदार या सफाई कर्मचारी, की भर्ती जिला या ब्लॉक स्तर पर की जाती है। अक्सर सरपंच के पास इन स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को बर्खास्त करने की शक्ति भी नहीं होती है।

**भारत की पंचायती राज प्रणाली में गांव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है।**

आजकल हमें ऐसी खबरें सुनंने और पढ़ने को मिल रही है कि देश के अमुक गांव के सरपंच ने कर्ज के चलते आत्महत्या कर ली। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? भारत की पंचायती राज प्रणाली में गांव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच, ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक पहलू इसी के द्वारा संचालित होता था।

वर्तमान में ई-पंचायत के विरोध में हरियाणा प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवों द्वारा धरने दिए जा रहे हैं और बीडीपीओ कार्यालय को ताले जड़े जा रहे हैं, सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। हरियाणा के सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे।

भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के तीन दशक से भी अधिक समय के बाद, राज्य सरकार, स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से, पंचायतों पर काफी विवेकाधीन अधिकार और प्रभाव का प्रयोग करना जारी रखती हैं। भारत में, स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों (जैसे कि तेलंगाना में ये सरपंच ) की शक्तियाँ राज्य सरकारों और स्थानीय नौकरशाहों द्वारा कई तरह से गंभीर रूप से सीमित रहती हैं, जिससे स्थानीय रूप से निर्वाचित अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की भावना कमजोर होती है।

ग्राम पंचायत रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए राज्य और केंद्र से मिलने वाले अनुदान (विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन अनुदान) पर आर्थिक रूप से निर्भर रहती हैं। मोटे तौर पर, पंचायतों के पास धन के तीन मुख्य स्रोत - राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (स्थानीय कर, सामान्य संपत्ति संसाधनों से राजस्व, आदि), केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता अनुदान, और विवेकाधीन या योजना-आधारित धन होते हैं । राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (कर और गैर-कर दोनों) कुल पंचायत निधियों के एक छोटे से अनुपात का गठन करते हैं। पंचायतों के लिए विवेकाधीन अनुदानों तक पहुंच राजनीतिक और नौकरशाही संबंधों पर निर्भर करती है।

## जानकारी

# डोड्डाबेट्टा पीक



डोड्डाबेट्टा नीलगिरी जिले में ऊटी-कोटागिरी रोड पर एक पर्वत शिखर है। शाब्दिक अर्थ 'बिग माउंटेन', डोड्डाबेट्टा नीलगिरी रेंज का उच्चतम बिंदु है और ऊटी में देखने के लिए लोकप्रिय स्थानों में से एक है। 2,623 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, डोड्डाबेट्टा दक्षिण भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है, जो बड़े पैमाने पर जंगल से घिरी हुई है। शोला इसके ढलानों के खोखले को कवर करते हैं। भव्य वनस्पतियां और जीव डोड्डाबेट्टा के समग्र आकर्षण को बढ़ाते हैं। चोटी के पास लंबे रोडोडेंड्रोन पेड़, फूल वाली उप-अल्पाइन झाड़ियाँ और जड़ी-बूटियाँ दिखाई देती हैं। डोड्डाबेट्टा घाटी, कोयंबटूर के मैदानी इलाकों और मैसूर के समतल हाइलैंड्स का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। आप इस चोटी पर चल सकते हैं या ड्राइव कर सकते हैं। चारों ओर आकर्षक घाटी को देखने के लिए दो दूरबीनों के साथ चोटी के शीर्ष पर एक टेलीस्कोप हाउस है।

# Galaxy Z Flip 5 को जल्द लॉन्च करने की तैयारी



**नई दिल्ली :** बड़ी स्मार्टफोन कंपनियों में से एक Samsung ने अपने फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की अगली सीरीज के लॉन्च के बारे में घोषणा नहीं की है। हालांकि, इन स्मार्टफोन्स के बारे में अटकलें शुरू हो गई हैं। कंपनी अपने Galaxy Z Fold 5 और Galaxy Z Flip 5 स्मार्टफोन्स को जल्द लॉन्च कर सकती है। इसकी वजह Google के आगामी Pixel Fold से मिलने वाले कॉम्पिटिशन से बचना हो सकती है।

सैमसंग के इन फोल्डेबल स्मार्टफोन्स के लिए हिंजेज का प्रोडक्शन जून में शुरू हो सकता है। इनमें से Galaxy Z Fold 5 में नया ड्रॉपलेट हिंज डिजाइन होने की संभावना है। टिप्सटर Revegnus ने ट्वीट कर बताया है कि कंपनी इन स्मार्टफोन्स के लिए हिंजेज का प्रोडक्शन जून में शुरू करेगी। Revegnus का दावा है कि सैमसंग इन स्मार्टफोन्स को जुलाई में लॉन्च कर सकती है। कंपनी ने अपने Galaxy Z Fold 4 A:SX Galaxy Z Flip 4 को पिछले वर्ष अगस्त में गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के दौरान लॉन्च किया था। नए स्मार्टफोन्स के स्पेसिफिकेशंस के बारे में कुछ ऑनलाइन लीक से जानकारी मिली है। इनमें से Galaxy Z Fold 5 में IPX8 बिल्ड के साथ ड्रॉपलेट हिंज डिजाइन हो सकता है।

ये दोनों स्मार्टफोन्स Android 13 पर बेस्ड डल्ली वक5.1.1 पर चल सकते हैं। इनमें Galaxy SoC के लिए बना Qualcomm Snapdragon हो सकता है। सैमसंग के Galaxy Z Fold 5 में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप मिल सकता है। इसमें 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड-एंगल सेंसर और 10 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा हो सकता है। Galaxy Z Flip 5 की डुअल कैमरा यूनिट में 12 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर और 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड-एंगल सेंसर हो सकता है।




## टॉप ट्वीट



''कर्नाटक में कांग्रेस की स्थिति राहुल गांधी की तरह है, जिन्हें अपना (सरकारी) घर खाली करना पड़ा, और लिंगायत लोगों का अभिशाप सिद्धारमैया पर होगा।'

**आर अशोक**
राजस्व मंत्री



''एक फनी वीडियो... खा भी रहा हूं गुनगुना भी रहा हूं दोस्तों, जिस तरह खाए बिना जिया नहीं जाता...पुराने गाने सुने बिना प्यास नहीं बुझती...।''

**धर्मेन्द्र**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### स्टूडेंट्स वीजा के लिए बाइडन सरकार भारत पर आफरीन

भारत और अमेरिका के मजबूत होते रिस्तो में अनेक नियमो के सरलीकरण के चलते भारत के लिए सुनहरा अवसर है ।भारत को दस वर्ष पूर्व गरीब और मजबूर समझने वाले अमेरिका ने भारत को अपना आइडियल मान लिया है ।बराक ओबामा के कार्यकाल में मजबूत हुए भारत अमेरिका के रिस्तो में नया मोड़ आने लगा है ।अमेरिका के प्रेसिडेंट बराक ओबामा और मिसेज ओबामा की भारत यात्रा प्रगतिशील रही थी ।उसके बाद ट्रम्प और उनकी पत्नी की अगवानी भारत के मजबूत रिस्तो को चार चांद लगा दिया ।ट्रम्प की बढ़ती इमेज के साथ भारत को वीजा देने की पहल को प्राथमिकता दी गई ।बाइडन उनकी पुनरावृत्ति कर रही है ।शैक्षणिक वर्ष में बाइडन तमाम छात्रो के लिए स्टूडेंट वीजा की कार्यवाई शुरू कर भारत के लिए सौगात ला रहे है ।विदेशी विद्यार्थियों के लिए भारत दूसरे क्रम पर है ।दोनों देशों के बीच दस लाख लोगों की आवाजाही भारत और अमेरिका के लिए गौरव की बात है ।इससे इंकार नही किया जा सकता है ।डोमेस्टिक विज रिन्युअल कराने के लिए दोनों और से प्रयास चल रहे है ।जिसमे भारत की अहम भागीदारी है ।अमेरिका भारत की बढ़ती आर्थिक व्यवस्था और विकास की रफ्तार से खुश तो है,लेकिन इसके बावजूद अमेरिका फर्स्ट की उपलब्धि को गंवाना नही चाहता है ।भारत कही अमेरिका की बढ़ती विकासयात्रा को रोकने का प्रयास नही कर सके,उसके लिए अमेरिका पाकिस्तान के साथ भी अमेरिका के मधुर रिस्ते बरकरार है ।अमेरिका ˝-1 और ' वीजा वर्क ने महत्व दिया जा रहा है ।अमेरिका में भारतीय आईटी प्रोफेशनल की जहा ज्यादा मांग है ।जिसमे एच1 बी और एल वीजा को प्राधान्य दिया जाएगा ।निपूर्णता प्राप्त टेक्नीशियन को अमेरिकी कंपनी द्वारा नौकरी दी जा रही है ।भारत और अमेरिका की बढ़ते रिस्तो ने अन्य देशों की बोलती बंद हो गई है ।अमेरिका ने भारत से जब से संबंध स्थापित कर उसको मजबूत बनाना शुरू किया है तब से चीन पाकिस्तान जैसे देशों को स्वत: अपनी विचारधारा बदलना पड़ा है ।अमेरिका और भारत विश्व की शक्ति है ।भारत स्वेदशी हथियारों का निर्यात और सैन्य उपकरण की बिक्री से अमेरिका की जान में जान आई है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ के विभिन्न नदी घाटों से अवैध बालू खनन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध हरलाडीह ओपी पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर दो बालू लदे टैक्टर को जप्त किया गया है ।इस कार्रवाई से बालू माफिया पर हड़कंप मच गया है ।बताते चले कि पीरटांड़ के विभिन्न बालू घाटों से बालू माफियाओं द्वारा बालू का अवैध खनन कर धनबाद में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है।

## सिटी अपडेट्स >>

### रेनू देवी ने उरूका में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**इचाक :** इचाक पुराना इचाक पंचायत अंतर्गत उरूका में 25 केवी के ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रह रहे थे इसकी जानकारी जिला परिषद रेनू देवी को दिया गया तो उनके द्वारा 25 केवी के जगह 63 केवी का ट्रांसफार्मर दिलाने काम किया। श्रीमती ने कहा कि हर हाल में हम अपने क्षेत्र के चहमुखी विकास का प्रयास करती रहूंगी। मौके पर वहां के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जब मैं अपने जिप सदस्य को इसकी जानकारी दी तो उनके द्वारा तत्परता दिखाते हुए तुरंत विभाग से ट्रांसफार्मर बदलवाने का काम किया। इसके लिए उरूका की जनता उन्हे धन्यवाद देती है। मौके पर जिप प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता ,कामेश्वर मेहता, अनिल कुमार, दामोदर कुमार, जय मेहता ,विजय राम ,जीतन सावा,भुनेश्वर मेहता, सुरेश राम, बसंत मेहता ,भरत मेहता, ललिता देवी ,व्यास देवी ,आरती देवी, पूजा देवी ,संजू देवी ,डोली कुमारी, शोभा कुमारी, रेशमी देवी, सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### माताजी आश्रम में बंगला भाषा की पढ़ाई शुरू की गई

**हाता :** अक्षय तृतीया के पावन अबसर पर माताजी आश्रम हाता में बंगला भाषी लोगो को बंगला भाषा शिखाने का क्लास शुरू कर दी गई। आश्रम के अध्यक्ष कृष्ण पद मंडल ने सभी छात्र छात्राओं को बंगला भाषा शिखने की इच्छा जताने के लिए धन्यवाद दिया और स्वागत किया ।आश्रम के संचालक सुनील कुमार दे ने बंगला भाषा शिखाने का पहला क्लास लिया ।श्री दे ने बच्चे को नैतिक शिक्षा भी प्रदान किया ।उन्होंने कहा,, नैतिक शिक्षा बिना चरित्र का निर्माण नहीं हो सकता है न ही कोई ब्यक्ति एक अच्छा इंसान और नागरिक बन सकता है। उन्होंने सभी को अपनी अपनी मातृभाषा शिखने और मातृभाषा को बचाके रखने पर भी बल दिया ।लोगों के अंदर बांग्ला भाषा शिखने की उत्साह देखी गई ।आज बंगला भाषा शिक्षा के क्लास में निशा भकत,रिया मदक, प्रियंका मदक,ऋतु राय, बेबी रानी सरदार,चेतन मंडल,सुदीप कुमार मंडल,अभिषेक मंडल,अम्बिका मरल,द्राणिका मरल आदि शिक्षार्थी के रूप में उपस्थित थे ।यह शिक्षा निशुल्क होगी ।इसमें इच्छुक बिद्यार्थी नामांकन कर सकते हैं ।प्रति रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बंगला शिखाने का क्लास होगी।

### सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फुटबॉल के लिए चयन 24-25 अप्रैल को हजारीबाग में

**हजारीबाग :** हजारीबाग पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण , रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवं बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के फुटबॉल के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन कर्जन स्टेडियम,हजारीबाग में 24-25 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से किया।

कार्यक्रम

### जिला तैलिक समाज ने दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मनाया

# महाराणा प्रताप को सारी सम्पति कर दिया था दान : योगेंद्र साव

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** जिला तैलिक समाज ने दानवीर भामाशाह जयंती समारोह इंद्रलोक टावर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व मंच संचालन महासचिव नारायण साव ने किया। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव द्वारा दिप प्रजवल्लित कर किया गया। इसके पश्चात दानवीर भामाशाह की तस्वीर का माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में आगे भामाशाह के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि भामाशाह बहुत बड़े दानवीर थे। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आजादी में भामाशाह का बहुत बड़ा योगदान रहा है। भामाशाह को विदेशों में नही याद किया जाता है। लेकिन उनकी ख्याति भारत मे कम हो रही है जो बहुत दुखद है। जिला तैलिक समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने भी भामाशाह के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और समाज के लोगो को भी उसी लगन के साथ समर्पित होने का संदेश दिया। ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि भामाशाह महाराणा प्रताप के मित्र थे। उन्होंने यह नही कहा कि अंग्रेजो से लड़ने के लिए सैनिकों को जो संसाधन की जरूरत थी जैसे भोजन, कपड़ा, मुद्रा, रहने की जगह को 12 साल तक उपलब्ध कराया। यह कार्य उन्होंने अपने स्वार्थ के लिए नही सच्चे मन से दान किया। समाजसेवी सुदेश चंद्रवंशी ने बताया कि निस्वार्थ भाव से देश के हित और उत्थान के लिए कई कार्य किए है। भूखों के लिए एक साथ 25 गाओं में एक साथ भंडारा का आयोजन किया करते थे। पूर्व जिप सदस्य अर्जुन साव, सुनील साव, प्रमंडलीय अध्यक्ष मिश्री लाल साव, बरही अनुमंडल अध्यक्ष अमित साव, संरक्षक शिला देवी, पूर्व महासचिव लालकिशोर साव, बिरबल साव, सुनील साव, मुकुंद साव, महिला अध्यक्ष रेणुका देवी, सीताराम साव ने भी अपना अपना विचार रखा।

## न्यूज फटाफट

### समाज सेविका के निधन पर जिप सदस्य व कृषक मित्र ने जताया शोक

**इचाक :** इचाक कृषक मित्र संजीत कुमार सोनी की पत्नी वार्ड नंबर 13 ग्राम पंचायत देवकुली के वार्ड सदस्य उषा कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया कृषक मित्र संघ इचाक इस निधन पर दुख व्यक्त किया और इनके परिवार को दु:ख सहन करने की भगवान से प्रार्थना किया इस घड़ी में कृषक मित्र संघ इस परिवार को हर समय मदद करने की बात कही गई 2 मिनट मौन रखकर उषा देवी का आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना की गई। शोक व्यक्त करने वाले में मुख्य रूप से मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य रेनू देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता,निरंजन मेहता ,बीटीएम पुष्पा कुमारी, सुरेंद्र मेहता ,अनिल मेहता, नंदकिशोर मेहता, रामजय मेहता, प्रयाग मेहता, मुरलीधर मेहता ,उमेश मेहता, रीना देवी, पूनम देवी ,अशोक मेहता ,तुलेश्वर महतो ,सुजीत कुमार ,ओम प्रकाश मेहता ,सौरभ कुमार ,रवि कुमार, खगेशवर मेहता, सीताराम मेहता, संतोष कुशवाहा, निश्चित कुमार, अनुपा मेहता ,कृष्णा गोप, नंद किशोर दास, लक्ष्मी देवी समेत कई लोग हैं।

### सांसद जयंत सिन्हा का जन्मदिन भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया

**हजारीबाग :** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा का जन्मदिन भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि श्री सिंह एक सुलझे हुए राजनेता हैं। जो विकास की नई आयाम लिखने व क्षेत्र को नई पहचान दिलाने को कृतसंकल्प हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा,कृष्ण कुमार साव,मनीष सिन्हा,भुनेश्वर कुमार राजकुमार यादव,भाजयुमों अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता,देवकुमार दांगी,रामाधीन पांडे,लक्ष्मण साव,अर्जुन कुमार राणा,सत्येंद्र सिंह,सियाराम सिंह, उत्तम गंजू श्यामनंदन सहाय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उदयभान नारायण सिंह ने अपने राज परिवार के किले महल का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा राज वंश के उदयभान नारायण सिंह ने बड़कागांव के महोदी पहाड़ का दौरा किया । इस दौरान अपने पूर्वजों द्वारा बनाए गए राजा के किले गुफाएं एवं बुढ़वा महादेव मंदिर का अवलोकन किया ।.मौके पर उन्होंने बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किया । एवं अपने पूर्वजों को याद किया। इन्होंने पूजा अर्चना करने के बाद कर्णपुरा राज के राजादलेल सिंह की विवाह स्थल मंडप के चट्टान को अवलोकन किया। .इसे देखकर काफी वह गौरवान्वित महसूस किया। .इससे पूर्व जब उदयभान नारायण सिंह बड़कागांव पहुंचा तो उन्हें गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया ।.काँड़तरी पंचायत में भी उन्हें मुखिया पारसनाथ महतो प्रमुख बचनदेव कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इन्हें पगड़ी बांधकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

## बच्चों को स्विमिंग के प्रति प्रोत्साहित करना ही लक्ष्य : हर्ष अजमेरा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जहां एक और बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सम्मिलित हो रहे हैं वहीं बच्चों की उत्साह को देखते हुए शहर के डॉल्फिनो रिसोर्ट ओकनी में डिस्टिक स्विमिंग एसोसिएशन की साधारण बैठक की गई। जिसमें स्विमिंग एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में सदर विधायक मनीष जयसवाल, झारखंड पुलिस के पूर्व आईजी दीपक वर्मा , डीएवी स्कूल के पूर्व फाउंडर प्रिंसिपल अशोक कुमार, विपिन बिहारी सिंह झारखंड पुलिस, श्रधानंद सिंह समाजसेवी को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष हर्ष अजमेरा को उपाध्यक्ष नीरज भंडारी एवं विकास कुमार तथा सचिव डॉ प्रहलाद सिंह को बनाया गया है। इसी तरह ज्वाइंट सेक्रेट्री मनु कुमार राणा , गणपति राम , कोषाध्यक्ष बेंजामिन बारोई ,मीडिया से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप मे उमेश राणा ,राज कुमार शानू, रवि सिंह एवं कार्य समिति के सदस्य के रूप में डॉ जितेंद्र कुमार ,बाबूलाल राम -कोच, पुष्पा सिंह -कोच ,सुप्ता बारोई कोच ,अशोक होर्रा ,प्रदीप गोस्वामी, रविंद्र कुमार ,अनिल पांडे ,रवि सिंह गौरव कुमार राणा ,सत्यम कुमार, कौशल कुमार राणा को रखा गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की जिले के तैराकों को हर संभव मदद किया जाएगा एवं उन्होंने यह भी कहां की ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान स्विमिंग को चिन्हित कर विशेष प्रशिक्षण सुविधा प्रधान की जाएगी। ताकि वे भी झारखंड के प्रतियोगिताओं के साथ देश के अन्य स्विमिंग प्रतियोगिताओं भाग ले सकें।

## 30 घंटा के बाद चमेली झरना में बने खदान में डूबे युवक की शव बरामद



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के पर टाँड भुसाई गांव के युवक प्रिंस कुमार पिता संजय मेहता 18 वर्षीय अपने 7 दोस्त के साथ चमेली झरना में बने खदान लोटिया डैम के निकट 20 अप्रैल समय 10 बजे सुबह नहाने व घूमने के लिए गया था नहाने के क्रम में काफी गहराई तक जाने के बाद डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 20 अप्रैल को स्थानीय गोताखोरों चौपारण का काफी खोजबीन करने के बाद भी सव को बरामद नहीं कर पाया था। पुनः परिजनों की एनडीआरएफ टीम की मांग पर 21 अप्रैल को सुबह मंगाया गया और 30 घंटा के बाद प्रिंस का शव काफी खोजबीन के बाद एनडीआरएफ टीम द्वारा बरामद किया गया। खदान पदमा एवं ईचाक के सीमा पर है। खबर लिखे जाने तक सव को पदमा पुलिस या ईचाक पुलिस की जिमे पता नहीं चल पाया था। परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है मां चिततकार लगा कर रो रही थी।

# संगठन के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने स्वयं किया रक्तदान

▶▶ परिजनों ने जताया आभार, रक्तदाता को किया प्रणाम

▶▶ मानव सेवा के लिए यूथ विंग सदैव तत्पर है: खण्डेलवाल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है, लोग बदल रहे हैं। और बदलती वक्त में कोई किसी के कामना नही आता है। परंतु हजारीबाग शहर में पिछले डेढ़ वर्षों से लोगों को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है यूथ विंग इसी सेवा के बीच रविवार को केरेडारी के सालगा निवासी रामवृक्ष भुइयां के सुपुत्र अर्जुन कुमार 12 वर्षीय जोकि थैलेसीमिया बीमारी से जूझ रहे हैं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल कि चिकित्सकों के द्वारा संबंधित रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिसके बाद परिजनों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया गया यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। कोई रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने स्वयं रक्तदान करने का निर्णय लिया जिसके बाद उन्होंने आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर 12 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। मौके पर रक्तदाता सह संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खण्डेलवाल, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, डॉक्टर वी वेंकटेश, प्रनीत जैन सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर रक्तदाता सह संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि अपने रक्त को किसी दूजे को देखकर आज मन काफी प्रसन्न हुआ है साथ ही 12 वर्षीय बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर लखन खंडेलवाल ने कहा कि मानव सेवा के लिए यूथ विंग सदैव तत्पर हैं। ब्लड बैंक में ब्लड की किल्लत से लोगों को काफी परेशानियां हो रही है कृपया शहरवासी ब्लड डोनेट कर थैलेसीमिया, गर्भवती महिला जैसे अनेकों मरीजों का जान बचाई। सचिव संजय कुमार ने हजारीबाग यूथ विंग की ओर से रक्तदाता सह संरक्षक का आभार प्रकट किया कहां बदलते वक्त के साथ अपने लोग पराए हो रहे हैं पर आपने बगैर कुछ सोचे दूसरों की मदद कर एक मिसाल पेश किया है।

## केरेडारी में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह रविवार को हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित परमेश्वरी डीएवी स्कूल, गर्री खूर्द के सभागार में बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सामारोह में बतौर अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित ब्रह्मऋषि समाज के सचिव कन्हैया शर्मा, अर्जुन सिंह (आमीन), अजय शर्मा, विद्यालय के संचालक अजय कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और भगवान परशुराम की तस्वीर पर सामुहिक रूप से माल्यार्पण कर और पुष्पार्पण कर नमन किया। यहां अशोक कुमार पाण्डेय के साथ अतिथियों और स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ हवन और पूजा - अर्चना कर भगवान परशुराम को याद करते हुए उन्हें नमन किया । मौके पर सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम जी जीवनी से अवगत कराया और कहा की इनकी शिष्टता, नम्रता, धीरता और वीरता के साथ कर्तव्यनिष्ठा, धर्म और मानवता के प्रति किए गए कार्य से प्रेरणा लेकर समाज में कार्य करने की जरूरत है ताकि विधरमियों और अन्याय करने वालों के खिलाफ मुखरता से समाजहित में आवाज बुलंद किया जा सकें और समाज में समरसता और एकता को बल मिलें। ब्रह्मऋषि समाज, हजारीबाग के सचिव कन्हैया शर्मा और अर्जुन सिंह (आमीन) ने भी बच्चों को भगवान परशुराम के जीवनी के कई प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उनसे प्रेरणा लेने का अपील किया।

वार्षिकोत्सव

### कोयला खनन परियोजनाओं के अंतर्गत

# एनटीपीसी जिज्ञासा बाल भवन ने मनाया पहला वार्षिकोत्सव

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाओं के अंतर्गत चलाई जा रही जिज्ञासा बाल भवन ने अपना पहला वार्षिकोत्सव सिकरी ऑफिस में धूमधाम से मनाया। पिछले साल 5 फरवरी 2022 को बाल भवन की स्थापना की गई थी। स्थापना के बाद से ही बाल भवन परियोजना के दर्जनों बच्चों को अतिरिक्त सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ यानी को करिकुलर एक्टिविटीज करवा रहा है जिससे बच्चों में संपूर्ण विकास हो सके। पहले वर्ष पूरे होने के मौके पर स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती महुआ मजूमदार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुईं और बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। चीफ गेस्ट महुआ मजूमदार के अलावा कार्यक्रम में जागृति महिला संघ एवं जिज्ञासा बाल भवन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलन के बाद माल्यार्पण के साथ हुई जिसके बाद बाल भवन के बाल कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी बाल कलाकारी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बाल भवन द्वारा साल भर में किए गए कार्यों को भी दशार्या गया। चीफ गेस्ट महुआ मजूमदार ने इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों की हुनर और उनकी रूचि को पहचाने जिससे वो उस क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सके। उन्होंने कहा आज जब इस सभागार में हम बच्चों को इधर-उधर दौड़ते, खेलकूद करते हुए देखते हैं तो बहुत अच्छा लगता है यानी बच्चे कुछ भी करें वह बहुत अच्छे लगते हैं। जिज्ञासा बाल भवन की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि बाल भवन हम सब को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां हम अपने बचपन को याद कर सकते हैं और उन यादों में खो सकते हैं। उन्होंने कहा की बच्चों के लिए दुनिया भर में महज सात अजूबे नहीं है बल्कि उनके लिए 7 मिलियन से अधिक हैं और बाल भवन के सहारे कोशिश करते हैं कि ये बच्चे इन 7 मिलियन अजूबों में से एक को ढूंढे, अपनी काबिलियत को पहचाने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महुआ मुजूमदार, जिज्ञासा बाल भवन की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं कामेश्वरी के अलावा जिज्ञ-ासा बाल भवन की जनरल सेक्रेटरी दीपिका चौहान भी मौजूद रहीं।

## अंचलाधिकारी द्वारा मृतक प्रिंस की कोई सुधि नहीं लेना निंदनीय : उमेश प्रसाद

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने इचाक अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा पर थाना क्षेत्र के भुसाई पारटांड निवासी संजय मेहता के पुत्र प्रिंस कुमार की चमेली झरना में नहाने के दौरान डूबने से हुई मौत और उसके शव निकालने की प्रक्रिया के दौरान अनदेखा करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि प्रिंस के शव को निकालने में पूरे 30 घण्टे का समय लगा। इस दौरान इचाक और पदमा थाना क्षेत्र के कई पदाधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया, शव निकलने तक घंटों खड़े रहे। किंतु इस दौरान इचाक सीओ मनोज कुमार महथा ने कभी भी स्थिति का जायजा लेने का प्रयास नहीं किया। और नही कभी घटना स्थल पर गए। और तो और परिजनो से भी मिलने का प्रयास नहीं किया। उन्होने कहा कि सीओ मनोज कुमार महथा की संवेदना मर चुकी है। ऐसे पदाधिकारी का इचाक अंचल में पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं। जिला प्रशासन से उनकी शिकायत करूंगा। जगत पड़ा तो मंत्रालय तक जाने का काम करूंगा। क्या कहते हैं सीओ,इस बाबत पूछे जाने पर सीओ मनोज कुमार महथा ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। घटना के दिन मैंने घटना स्थल पर जाकर हालात का समीक्षा किया था। घटना की पल पल की खबर से वाकिफ हूं। जो भी जरूरी करवाई होगी, उसे पुरा किया जायेगा।

## शहर >> अपडेट

### मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**पेटरवार :** पेटरवार बूथ सशक्तिकरण एवं मन की बात कार्यक्रम को लेकर रविवार को भाजपा पेटरवार प्रखंड की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर जयसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता लक्ष्मण नायक , पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद महतो , जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार , जिला महामंत्री संजय त्यागी , आसित बनर्जी ,मनोज शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कुडू :** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 स्थित लाधुप सेन्हा गांव के समीप शनिवार की रात करीब आठ बजे हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकी एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला निवासी सुकेश मुंडा 19 पिता बुतरु पाहन, अजय महतो 18 पिता स्व सुकरा महतो, सोहराई गंझू 18 पिता अमृत गंझू और गांव के ही एक और युवक एक ही बाइक में सवार होकर घर जा रहे थे। तभी लाधुप सेन्हा के पास किसी अज्ञात वाहन से इनकी बाइक टकरा गई। हादसे में सुकेश मुंडा और अजय महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी वही गंभीर हालत में सड़क पर पड़े सोहराई गंझु को कुडू पुलिस की पेट्रोलिंग टीम के जवानों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू पहुचाया। जहां उसकी स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं चौथा युवक को मामूली चोट आई जो भागकर गांव पहुंचा और लोगों को घटना की जानकारी दी। हादसा वाहन से सीधी टक्कर या पीछे से किसी वाहन से बाइक टकराने से हुआ है। सुनसान व देर रात होने के कारण स्पष्ट नही हो पाया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्वास्थ्य शिविर में 220 लोगों ने कराया दांत का ईलाज

**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत रविवार को को करीब 220 लोगों ने अपनी दांतों का ईलाज कराया। बता दें कि दिनांक 22 अप्रैल को 365 लोगों ने अपने दांत की समस्यायों को लेकर ईलाज करवाया। जिसमें 346 लोगों का बीपी और सुगर जांच किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजय यादव द्वारा स्वास्थ्य शिविर का जायजा लेते हुए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। ज्ञात हो कि दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक औ? बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी का समय पूर्वा 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निर्धारित है।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल

**कोडरमा :** रविवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई स्थित संत क्लोवर्स स्कूल के समीप ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान भगीरथ नाथ गोस्वामी (उम्र 50 वर्ष पिता महावीर नाथ गोस्वामी, ग्राम बरियाडीह) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से कोडरमा से बरियाडीह की तरफ जा रहे थे, संत क्लेयर्स स्कूल के समीप ट्रक की चपेट में आने से वे घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर दोनों गाड़ी को जप्त कर लिया। वहीं घायल को अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

---

**ईद** | बालूमाथ इलाके में अकीदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की गई

# खुशहाली व भाईचारा कायम रहने की मांगी गई दुआ



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय सहित एक दर्जन से भी अधिक ईदगाहो व मस्जिदों मे शनिवार को बड़ी अकिदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। खुशहाली व भाईचारा कायम रहने की मांगी गई दुआ। मुख्यालय स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे मौलाना मजहर मजाहीरी, ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराया। मासियातू ईदगाह में 7:30 बजे मौलाना अब्दुल हम्माद, शेरेगडा जामा मस्जिद में 8 बजे हाफीज साजिद मस्जिद अबु बकर मे 7:30 बजे मौलाना ओजैर, बालु जामा मस्जिद में 7:30 बजे मौलाना माजिद ,चापाटोला मस्जिद मे 8:30 बजे मौलाना हारुन रशादी, जिलंगा जामा मस्जिद में 9 बजे हाफिज व कारी अशरफ, कुरयाम जामा मस्जिद में 8बजे हाफिज साकिब, लेजांग जामा मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज खलिल के द्वारा अदा कराई गई। नमाज के पश्चात पुरे मुल्क मे अमन चैन की दुआ मांगी गई। और एक दूसरे से गले मिले ये सिलसिला जारी रहा। नमाज अदा के पुर्व इमामो ने कहा कि रमजान जैसे मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों के बीच बहुत करिब हो कर अधिक नवाजता है और रोजेदारों व ईद की नमाज मे पहुंचे लोगों की दुआओं को आसानी से कबूल करता है। हम जिस तरह रमजान के महिने मे हर बुराई से बचे हैं वैसाही पुरे साल बचने की अपील किया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद दल बल के साथ पुरे प्रखंड क्षेत्र में गश्त करते दिखे। नमाज के पश्चात कई समाजसेवियों, राजनीतिक दल नेताओं व गणमान्य लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में पहुँच कर ईद के मुबारकबाद दिया।

## ईद-उल-फितर की नमाज में उठे सैकड़ों हाथ



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इंसान को इंसान की भलाई का ही कार्य करना चाहिए। ईद का पर्व हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करता है। ईद पर हर शख्स एक-दूसरे को जो मुबारकबाद देता है। वह इस बात का सबूत है कि हम धर्म के साथ अपने वतन से भी प्यार करें और अच्छे इंसान बनें। उक्त बातें प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित जामा मस्जिद के इमाम रफीक आलम ने ईद के दौरान तकरीर में समाजजनों के बीच कही। उन्होंने कहा कि ईद रोजा रखने वालों को खुदा की तरफ से दिया गया तोहफा है। सब आपस में भाईचारा बनाकर रखें और देश के प्रति वफादार रहें। इस मौके पर हाजी बशीर आलम, हाजी रजाक अली, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद अहमद हुसैन, डॉक्टर अंसार आलम, मो अहरार आलम, सलीम शेख, कयूम शेख, मो शाकिब महमूद, मिनहाज आलम, मोहम्मद शमशाद आलम, मोहम्मद इमरान आलम, शाकिर अली, मुंशी आलम, साहिल शेख, मकबूल मियां, आजाद शेख समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## परेश सिन्हा को नम आंखों से लोगों ने दी अंतिम बिदाई



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बैंक ऑफ इंडिया के उपक्रम आरसेटी के पूर्व निदेशक और सेवा निवृत बैंक अधिकारी परेश कुमार सिन्हा के निधन पर आज कोडरमा बाजार के निकट स्थित आवास पर पहुंचकर काफी संख्या में सामाजिक लोगों और जन प्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर संवेदना प्रकट की । गौरतलब है की 21 अप्रैल को चेनई वेल्लोर में इलाज के दौरान एक अस्पताल में उनका निधन हो गया था । यहां उनके पार्थिव शरीर को लाया गया । मौके पर पहुंचकर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता गुलाम जिलानी व्यवसायी मन्तोष सिंह पेंशन समाज के अध्यछ नारायण मोदी नप के पूर्व उपाध्यछ राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू भैया शैलेंद्र कुमार अभय रुपा सामन्ता मुरली दास कुमार रमेशम के सी दास गोपाल कुमार गुतुल प्रदेश कॉंग्रेस सचिव मनोज कुमार सहाय ब्रह्मदेव प्रसाद रामलखन पासवान भागीरथ पासवान विजय सिंह विनय सिंह वीरेंद कुमार अमित सहाना समेत अन्य लोगों ने परिजनों से मिलकर संवेदना जताई और दुख प्रकट किया । शनिवार संध्या में बर्सोतियाबर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया । जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए ।

## पुलिस ने चोरी हुई स्कोर्पियो किया बरामद,एक गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्णिमा टॉकीज के सामने गैरेज में खड़ी एक स्कार्पियो वाहन को 20-21 अप्रैल की रात्रि चोरी करने वाले गिरोह में शामिल एक अपराधी को तिलैया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर रविवार को तिलैया थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20-21 अप्रैल की रात्रि उक्त स्थान से एक स्कॉर्पियो की चोरी हुई थी। जिसके बाद 21 अप्रैल की सुबह वाहन के मालिक श्याम सुंदर के द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक टीम बनाकर मामले का अनुसंधान शुरू किया गया। जिसमें घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर एक ऑल्टो कार संख्या बीआर 01 एएच 9365 पर सवार कुछ युवकों के द्वारा स्कॉर्पियो की चोरी करते हुए देखा गया। जिसके बाद तकनीकी साक्ष्य एवं मामले के अनुसंधान के दौरान बिहार के वैशाली जिले में छापेमारी कर चोरी की घटना में शामिल दीपक कुमार के घर से चोरी में उपयोग किए गए ऑल्टो कार को बरामद किया गया। इसके बाद उसके निशानदेही पर घटना में शामिल रंजीत पासवान के घर से चोरी की गई स्कॉर्पियो संख्या जेएच 09 एके 5050 को बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य अपराधियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान एसआई पिंकी रानी एवं एएसआई अरविंद हांसदा मौजूद थे।

## भगवान परशुराम की मनायी गयी जयंती




राष्ट्रीय खबर

**डोमचांच:** प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ भगवान परशुराम जयंती मनायी गयी। कई जगह पर शोभायात्रा निकालकर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पण कर जयंती मनायी गयी। श्रोत्रिय ब्राह्मण समाज डोमचांच के द्वारा शनिवार को भगवान परशुराम जयंती के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा निकालने के पूर्व भयहरण पिंडा में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा काली मंडा से शुरू हुई जो ढाब रोड, शहीद चौक, टैक्सी स्टैंड का भ्रमण करते हुए काली मंडा में जाकर समाप्त हुआ। मौके पर अजय पांडेय, गणेश पांडेय, संजय पांडेय, नीरज पांडेय, बाल गोविन्द पांडेय, जय नंदन पांडेय, मनोहर पांडेय, सोनू पांडेय, अजय पांडेय, देवेन्द्र पांडेय, गौतम पांडेय, दीपक पांडेय, प्रकाश पांडेय, देवन्त पांडेय, प्रदीप पांडेय, मनोज पांडेय, मनोहर पांडेय, मुकेश पांडेय, आनंद पांडेय, अश्विनी पांडेय, सन्नी पांडेय, त्रिपुरारी पांडेय मौजूद थे।

**आयोजन** | विलियम शेक्सपियर के 459वां जन्म दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल

# कोडरमा में मना अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा दिवस



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रातः कालीन सभा में विलियम शेक्सपियर के 459वाँ जन्म दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा दिवस बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच संचालिका माही गुप्ता के द्वारा विलियम शेक्सपियर की शानदार काव्य पंक्तियों से हुई। उसके पश्चात प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने विलियम शेक्सपियर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं की छात्रा रागिनी बर्गबे ने सुंदर भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने विलियम शेक्सपियर के अंग्रेजी भाषा और साहित्य अभूतपूर्व योगदान को चिन्हित किया। ऐज यू लाइक इट्ह पैस्टोरल कॉमेडी का संक्षेपण कक्षा नौवीं की छात्रा जिज्ञासा रानी ने बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। शेक्सपियर के विचारों को आभया श्री और उनके समूह ने सभी के सामने उपस्थित किया। द क्वालिटी ऑफ मर्सी कविता का सस्वर वाचन उपेंद्र सोनू और उनके समूह ने किया। विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक जूलियस सीजर का संवाद माध्यिका श्री और शायंतिका मोदी ने प्रस्तुत किया। जिसमें मार्कस ब्रूटस का संवाद माध्यिका श्री ने प्रस्तुत किया और मार्क एंटोनी के संवाद को शायंतिका मोदी ने प्रस्तुत किया। अंग्रेजी क्लब के प्रभारी कुमार सतीश सिंह ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा के महत्व से परिचित कराया और अंग्रेजी साहित्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि शेक्सपियर विलक्षण प्रतिभा के संपन्न व्यक्ति थे। उन्होंने जिन शब्दों का अपनी रचनाओं में चुनाव किया वह भाव और हृदय को स्पर्श करने वाले थे। यही कारण था कि हर पाठक के हृदय में उन्होंने अपनी जगह बनाई। प्राचार्य ने सभी बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने की अपील की और सभी शिक्षकों से निवेदन किया कि वे बच्चों को प्रवाहमय अंग्रेजी बोलना, पढ़ना और लिखना सिखाएं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुमार सतीश सिंह, प्रमोद बल्लारी खडंगा, ज्योति सिंह और सभी शिक्षकों को धन्यवाद कहा और समय-समय पर ऐसे ही महान हस्तियों से बच्चों को प्रेरित करने की बात कही।

---

## न्यूज फटाफट

### सकरी नदी से युवक का शव मिला,हत्या की आशंका

**कोडरमा :** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के सकरी नदी स्थित माधोपुर पुल से 500 मीटर दूर नदी में बालू से ढका युवक का शव शनिवार को बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची, वहीं मृतक की शिनाख्त माधोपुर ग्राम निवासी मनोज शर्मा (35, पिता बदरी शर्मा) के रूप में की गई। बताया जाता है कि मृतक मनोज शर्मा बासोडीह बाजार में अपना सैलून की दुकान खोले हुए था। बीती रात भी सैलून बन्द करके घर के लिए निकला था। सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया जहां से दो गमछा भी बरामद हुआ। युवक की हत्या की आशंका जतायी जा रही है। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था जिसके चार पुत्र हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये कोडरमा भेज दिया है, वहीं मामले की छानबीन की जा रही है।

### बोल्डर लदा हाइवा हुआ जप्त



**मरकच्चो :** मरकच्चो पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय स्थित बंधन चौक के समीप बिना चलान का बोल्डर लदा हाइवा को शनिवार जप्त किया। जानकारी के अनुसार मरकच्चो बंधन चौक होते हुए बरियारडीह की ओर जा रही हाईवा जेएच12 के 4333 आ रही थी। इसी बीच मरकच्चो थाना गस्ती दल के द्वारा बोल्डर लदा हाइवा से चालान की मांग की गई। चालान नहीं दिखाने पर हाइवा को जप्त कर अग्रेसित कार्रवाई के लिए मरकच्चो थाना में सुरक्षित रखा गया है। गश्ती दल में थाना प्रभारी लव कुमार के साथ मरकचो पुलिस के जवान मौजूद थे।

### सोने चांदी की दुकान में लगी आग,लाखों का नुकसान



**बालूमाथ :** बालूमाथ मुख्यालय में शनिवार की अहले सुबह बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के महावीर मंदिर के समीप बाजार टाड़ में एक सोने चांदी की दुकान मे एकाएक आग लग गई ' जिससे दुकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है ' मिली जानकारी के अनुसार उक्त दुकान शिवनाथ प्रसाद सोनी के पुत्र संतोष सोने की है जो प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की देर रात दुकान बंद कर अपना घर गया और आज सुबह में उसे जानकारी मिली कि उसकी दुकान में आग लगी हुई है ' तब तक इस अगलगी की जानकारी बालूमाथ में आग की तरह फैल गई और लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गया ' इस अगलगी की घटना में जेवर बनाने की मशीन बैटरी इन्वर्टर रैक काउंटर चौकी समेत कई समान जलकर खाक हो गई ' जिसकी कीमत ?100000 से अधिक बताई जा रही है ' यह आग कैसे लगी या किसने लगाई यह पता नहीं चल पाया है ' दुकान मालिक के अनुसार यह शॉर्ट सर्किट के कारण आग नहीं लगी है ' तत्काल इस घटना की जानकारी बालूमाथ थाना पुलिस को दी गई है इसके आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

### कपिलदेव ठाकुर तत्काल प्रभाव से निलंबित

**पेटरवार :** पेटरवार अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार के प्रभारी प्रधानाध्यापक कपिलदेव ठाकुर को माध्यमिक शिक्षा झारखंड के निदेशक सुनील कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बता दे कि प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार का विभागीय सचिव के. रवि कुमार की ओर से गत 18 अप्रैल को विद्यालय का किये गए औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में फैली अब्यवस्था, पूर्व में तोड़े गए क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन के कचड़े का विद्यालय परिसर में बिखराव, विद्यालय के विकास कोष एवं वार्षिक अनुदान की राशि का अनुपयोगित रहने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में अपने कार्यो एवं दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो के पत्रांक 670/ 2023 दिनांक 18 अप्रैल 23 के द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक कपिलदेव ठाकुर को तत्काल निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन करने हेतु प्राप्त निदेश के आलोक में इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा झारखंड के पत्रांक 1193 दिनांक 20.4.2023 को आदेश पत्र जारी करते हुए कहा गया कि सम्यक विचारोपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध प्रतिवेदित प्रथम द्दष्टया प्रमाणित आरोपो के लिए झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के भाग(4) नियम (9) के संहित प्रावधानों के तहत इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय हजारीबाग निर्धारित किया गया है जहां इन्हें उपस्थिति के आधार पर नियम 10 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### ओले के साथ हुई बारिश से किसानों को हुआ काफी नुकसान



**पेटरवार :** पेटरवार आसाढ़ की भीषण गर्मी के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने एक ओर जहां लोगो को गर्मी से थोड़ी राहत मिली वही दूसरी ओर कई स्थानों पर लोगो को जल जमाव से जूझना पड़ा। करीब एक घंटे तक मध्यम दर्जे के ओले के साथ हुई बारिश से लोगो ने गर्मी से राहत महसूस की। प्रखंड के सदमा कला पंचायत में करीब एक घंटे तक बारिश और ओला पड़ने से आम के पेड़ पर लगे आम झाड़ गए और किसानों के खेतों में लगी खीरा, नेनुवा सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। जमकर बारिश होने के कारण पेटरवार के कई स्थानों पर जल जमाव होने के कारण लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## न्यूज फटाफट

### विश्वकप के पहले चरण में चीन से हारे भारतीय



**अंताल्या :** तुर्की के अंताल्या में खेले जा रहे तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारतीय पुरूष रिकर्व टीम चीन से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल कर सकी है। भारतीय खिलाडियों ने चीन से 0.4 से पिछड़ने के बाद हौसला नहीं खोया और शानदार वापसी कर मैच को शूटआउट पर ले गये मगर वहां पर भी उन्हे 4.5 से नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। तरूणदीप राय, अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा किया मगर वे लि झोंगियुआन, कि शयांगशुओ और वेइ शाहोक्सू जैसे बेहतरीन तीरंदाजों से सजे चीनी दल से पिछड़ गये। भारतीय टीम 2014 में भी मेडेलिन में दूसरे चरण और व्रोक्लॉ में चौथे चरण में विश्व कप में जीत के करीब पहुंचने के बाद हार गई थी। भारत ने आखिरी बार पुरूषों के रिकर्व वर्ग में विश्व कप स्वर्ण पदक 2010 में शंघाई में जीता था।

### कराटे ग्रेडिंग की परीक्षा संपन्न



**रांची :** श्री अरबिंदो सोसाइटी कराटे ट्रेनिंग सेंटर एसकेएफआई रातु रोड, राँची में पिछले दिनों में हुए कलर बेल्ट ग्रेडेशन मे पास हुए सभी करातेकारो को ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सभी को सर्टिफिकेट चीफ इंस्ट्रक्टर शिहान मानस सिन्हा के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर शोकफ के प्रशिक्षक सेंसई संजय मिश्रा, सेंसई अमर वर्मा, सेंसई उमेश कुमार रजक, लखन प्रसाद, संजीव, परिक्षित पाठक आदि उपस्थित थे।

आईपीएल

### इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में

# आरसीबी के खिलाफ टास जीतकर क्षेत्ररक्षण करेगी राजस्थान



एजेंसियां

**बेंगलुरू :** राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में टास जीत कर मेजबान रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। राजस्थान ने अपने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है वहीं आरसीबी ने वेन पार्नेल के स्थान पर डेविड विली को शामिल किया है। संजू ने कहा '' हमारी टीम पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद करेगी। हमने अपने गेंदबाजी आक्रमण में कोई परिवर्तन नहीं किया है।'' वहीं आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि अगर वह टास जीतते तो भी पहले बल्लेबाजी का विकल्प चुनते। टीम में एकमात्र बदलाव वेन पार्नेल की जगह डेविड विली को बुलाकर किया गया है। राजस्थान अब तक छह मैचों में चार जीत कर आठ अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज है वहीं आरसीबी को छह मुकाबलों में बराबर बराबर जीत हार नसीब हुयी हैं। रायल्स ने पिछला मुकाबला लखनऊ से हारा था वहीं आरसीबी 20 तारीख को खेले गये पिछले मैच में पंजाब किंग्स को हरा कर यहां आयी है। **टीमें इस प्रकार हैं:-** राजस्थान रायल्स : जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, शिमरोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, जेसन होल्डर, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और युजवेंद्र चहल।

**आरसीबी:** विराट कोहली (कप्तान), फाफ डु प्लेसिस, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई, शाहबाज़ अहमद, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), वानिंदु हसरंगा, डेविड विली, मोहम्मद सिराज और विजयकुमार वैशाक।

# आरसीबी ने राजस्थान को दिया 190 रनों का लक्ष्य



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरू:** फाफ डु प्लेसिस (62) और ग्लेन मैक्सवेल (77) के बीच 127 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां राजस्थान रायल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहली गेंद पर ही कप्तान विराट कोहली (0) और तीसरे ओवर में शाहबाज अहमद (2) का विकेट खोने के वावजूद आरसीबी ने हौसला नहीं खोया। फाफ डु प्लेसिस ने मैक्सवेल के साथ राजस्थान के गेंदबाजों की धुनाई करते हुये 14वें ओवर तक रन गति को दस रन प्रति ओवर के करीब बरकरार रखा। इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान संजू सैमसन ने अपने गेंदबाजों की फौज उतार दी मगर नतीजा सिफर रहा। इस बीच रन चुराने के चक्कर में डु प्लेसिस रन आउट हो गये। डु प्लेसिस ने अपनी अर्धशतकीय पारी में मात्र 39 गेंद खेल कर आठ चौके और दो शानदार छक्के लगाये। डु प्लेसिस का विकेट गिरने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने दवाब बनाया, नतीजन उन्हे मैक्सवेल का कीमती विकेट 15वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिला। रविचंद्रन अश्विन की गेंद को उड़ाने के प्रयास में वह लंबे कद के जेसन होल्डर के हाथों बैकवर्ड प्वाइंट पर लपके गये। मैक्सवेल ने छह चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनो के आउट होने के बाद आरसीबी के बल्लेबाज दवाब में नजर आये और रन रफ्तार बढाने के प्रयास में एक एक कर अपने विकेट गंवाते रहे। दिनेश कार्तिक (16) ही कुछ देर तक राजस्थान के गेंदबाजों का सामना कर सके। राजस्थान की ओर से ट्रेट बोल्ट और संदीप शर्मा ने दो दो विकेट झटके जबकि अश्विन और यजुवेन्द्र चहल को एक एक विकेट मिला जबकि तीन अन्य बल्लेबाज रन आउट करार दिये गया।

# दवाब में शांत रहना मेरी आदत है: अर्शदीप



एजेंसियां

**मुंबई :** मुबंई के खिलाफ निर्णायक ओवर में दो विकेट चटका कर पंजाब किंग्स को जीत दिलाने वाले मध्यम तेज गेंदबाज अर्शदीप ने कहा कि दवाब में शांत रहने की आदत उन्हे गेंदबाजी में लय बरकरार रखने में मदद करती है। शनिवार को मुबंई इंडियंस के खिलाफ पंजाब किंग्स को 13 रन से शानदार जीत हासिल हुयी थी जिसमें अर्शदीप की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पंजाब के युवा खिलाड़ी ने यूं तो चार विकेट चटकाये मगर आखिरी ओवर में लगातार दो गेंदों पर मुबंई के दो बल्लेबाजों के विकेट झटक कर उन्होने मैच को एकतरफा कर दिया था। मिडिल स्टांप बीच से टूट भी गये थे। मैच के बाद अर्शदीप ने कहा '' विकेट लेना अच्छा लगता है और वह भी तब, जब इससे टीम को जीत हासिल होती हो। दवाब की स्थिति में शांत रहने की आदत ने उन्हे गेंदबाजी में लय बरकरार रखने में मदद की। सच बोलूं तो मै कभी उत्तेजित नहीं होता। इसके अलावा मैने नो बाल से बचने के लिये अपने रनअप में भी बदलाव किया था। मैं अपने खेल का भरपूर लुत्फ उठा रहा हूं।'' अर्शदीप आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक 13 विकेट हासिल कर चुके हैं हालांकि मैच आफ द प्लेयर का पुरस्कार उनके कप्तान सैम कुरेन को मिला था। कुरेन ने हालांकि इस पर नाखुशी जाहिर करते हुये कहा था कि इस पुरस्कार के असली हकदार उनके गेंदबाज है जिनकी बदौलत टीम को जीत मिली।

# धर्मेंद्र पुराने गानों के शौकीन



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र पुराने गानों के शौकीन हैं। धर्मेन्द्र सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं, जिसमें वह नई वीडियो और तस्वीरें भी शेयर करते हैं। धर्मेन्द्र ने अपना पुराने गानों के लिए प्यार जाहिर किया है, जिसका एक फनी वीडियो उन्होने फैंस के साथ शेयर किया है। धर्मेंद्र ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डिनर करने के दौरान पुराने गानों को गुनगुनाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, एक फनी वीडियो... खा भी रहा हूं गुनगुना भी रहा हूं दोस्तों, जिस तरह खाए बिना जिया नहीं जाता...पुराने गाने सुने बिना प्यास नहीं बुझती... इस वीडियो पर फैंस धर्मेन्द्र की तारीफ कर हैं।

# आमिर खान के हाथ में दिखा सलमान खान का ब्रेसलेट



एजेंसियां

**रांची :** बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही अपनी दोस्ती के लिए भी जान जाते हैं। सलमान खान की दरियादिली के किस्से अक्सर सुनने को मिलते रहते हैं। अब सलमान खान एक बार फिर अपनी दोस्ती को लेकर चर्चा में आ जाते हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि सलमान खान ने आमिर खान को अपना लकी चार्म माने जाना वाला ब्रेसलेट दे दिया है। आइए जानते हैं कि आखिर पूरा मामला क्या है। गौरतलब है कि सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से आमिर खान के साथ तस्वीर शेयर कर ईद की मुबारकबाद दी थी। कार्तिक आर्यन, सुनील शेट्टी और आयुष्मान खुराना जैसे कई बड़े सितारों ने ईद की पार्टी में लगाए चार चांद, देखें वीडियो ।सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अर्पिता खान की ईद की पार्टी का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि आमिर खान पार्टी में पहुंचे तो उनके हाथ में एक ब्रेसलेट ने ध्यान खींचा। इस ब्रेसलेट को देखकर कहा जा रहा है कि सलमान खान ने एक दिन के लिए आमिर खान को अपना ब्रेसलेट दिया। इसको लेकर लोग कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, भाई का ब्रेसलेट ।एक यूजर ने लिखा है, सलमान भाई का ब्रेसलेट आमिर भाई के हाथ में। एक यूजर ने लिखा है, सलमान भाई का ब्रेसलेट कल से आमिर भाई ने पहना हुआ, भाई आज जब बालकनी मैं आए तो उनके हाथ में ब्रेसलेट नहीं था और यहां भी नहीं था।

# 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी अजय देवगन-दीपिका पादुकोण स्टारर सिंघम अगेन



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण स्टारर सिंघम अगेन 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। अजय देवगन और निर्देशक रोहित शेट्टी सुपरहिट फ्रेंचाइजी सिंघम का तीसरा पार्ट यानी 'सिंघम 3'लेकर आ रहे हैं।इससे पहले वर्ष 2011 में प्रदर्शित 'सिंघम' और 2014 में प्रदर्शित 'सिंघम रिटर्न्स' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी।'सिंघम' में अजय देवगन के साथ काजल अग्रवाल को जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था। वहीं 'सिंघम रिटर्न' में अजय के साथ करीना कपूर की जोड़ी नजार आयी थी।अब सिंघम अगेन में अजय के साथ दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म 'सिंघम 3' को लेकर लेटेस्ट जानकारी शेयर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि अगले साल फिल्म सिंघम अगेन 2024 में इंडिपेंडेंस डे यानी 15 अगस्त के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। तरण आदर्श ने बताया कि इस साल के अगस्त महीने से फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची सोमवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
24 : 04: 2023


## नामकुम में फिर हादसा, ट्रेलर-407 ट्रक की टक्कर

**रांची:** नामकुम थाना क्षेत्र में ट्रेलर और 407 ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। हादसा लाह संस्थान के पास हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को अस्पताल भेज दिया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेलर और 407 ट्रक बेहद तेज गति से लाह संस्थान के पास से गुजर रहे थे, इसी दौरान दोनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ही वाहन सामने की ओर से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दोनों ही वाहनों के ड्राइवर और खलासी बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे की सूचना पर आनन-फानन में नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन में फंसे ड्राइवर, खलासी को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए अस्पताल भेजा ।

जांच

### जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी और आईएएस अधिकारी

# आज ईडी दफ्तर में हाजिर होंगे आईएएस छवि रंजन, तीन बार जारी हो चुका है समन

राष्ट्रीय खबर





**रांची:** जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी और आईएएस अधिकारी छवि रंजन सोमवार को ईडी के सवालों का सामना करेंगे, ईडी ने छवि रंजन को एक के बाद एक तीन समन जारी किए थे. एजेंसी को छवि रंजन से आर्मी जमीन घोटाले मामले में पूछताछ करनी है। मिली जानकारी के अनुसार छवि रंजन ने इसकी तैयारी कर रखी है। सोमवार को दिन के 11 बजे छवि ईडी दफ्तर पहुंच जाएंगे। असल मे जमीन घोटाले मेंपूर्वडीसी छवि रंजन को ईडी ने समन जारी कर 21 अप्रैल को ही पूछताछ के लिए बुलाया था। समन मिलने पर छवि रंजन ने अपने वकील के माध्यम स दो सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन छवि रंजन के इस आग्रह को ईडी ने जांच के अनुसंधान को टालने की कोशिश मानत हुए समय देने से साफ इंकार कर दिया।

बीते शुक्रवार को छवि रंजन के वकीलों के द्वारा कई बार प्रयास किया गया कि छवि रंजन को दो सप्ताह का समय मिल जाए, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और ईडी ने तीसरा समन जारी करते हुए छवि रंजन को 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने का निर्देश दिया।

**क्या है जमीन घोटालेमें**

छवि रंजन की भूमिकाः सेना की जमीन खरीद बिक्री की जांच ईडी नेपिछलेसाल अक्तूबर में शुरू की थी, उस दौरान रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत रांची के डिप्टी रजिस्ट्रार रह घासीराम पिंगुआ, सदर रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी के यहां ईडी नेछापेमारी की थी। इस दौरान पीएमएलए के तहत घासीराम पिंगुआ गु से ईडी ने पूछताछ की थी। पूछताछ मेंपिंगुआ गु ने ईडी अधिकारियों को बताया था कि तत्कालीन डीसी छवि रंजन के आदेश पर उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री की थी। इस तरह ईडी ने इस मामलेमें छवि रंजन की भूमिका अहम मानी थी।

**अप्रैल को छवि रंजन के यहां हुई थी छापेमारी**

इसी महीनेकी 13 तारीख को रांची मेंसेना की जमीन के साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी नेरांची के पूर्वडीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री सेजुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिलेथे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले है। इन्ही सब मामलों में छवि रंजन से भी पूछताछ की जानी है।

### हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

## वारदात के आठ घंटे के अंदर ही रांची पुलिस ने दबोचा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची के रातू इलाके में तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर दिनदहाड़े एक युवक से उसकी बाइक, पर्स और मोबाइल लूट फरार हो गए, पीड़ित मनीष घटना के बाद भागे-भागे रातू थाना पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। रातू पुलिस ने भी मामले में त्वरित करवाई करते हुए 8 घंटे के भीतर घटना में शामिल दो अपराधियों को धर दबोचा।रातू के रहने वाले मनीष कुमार शनिवार देर शाम अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान जब वे हुरहुरी बस्ती के पास से गुजर रहे थे ,सड़क पर ब्रेकर आने के क्रम में जब उनकी बाइक धीमी हुई तभी तीन की संख्या अचानक अपराधी उनके पास आ धमके।तीन अपराधियो में से दो के पास हथियार थे,तीनो ने मनीष को धमकी दी की जो कुछ भी उनके पास है वो उन्हें सौंप दे।भय की वजह से मनीष ने अपना पर्स ,मोबाइल और पैसा सब दे दिया ,जाते जाते अपराधियो ने मनीष की बाइक भी लूट ली और मौके से फरार हो गए।लूट की वारदात के बाद मनीष रातू थाना पहुचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी।पुलिस हुई रेस, अपराधी गिरफ्तारः मामले की जानकारी मिलते ही रातू थाना प्रभारी सपन महता अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में जुट गए। इसी क्रम में यह जानकारी मिली की लूट को अंजाम देने वाले तीनों अपराधी रातू के ही झिरी में देखे गए हैं, जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की, जिसमे दो अपराधी पकड़े गए, हालांकि एक फरार होने में कामयाब हो गया।तलाशी के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक पिस्टल और दो रामपुरी चाकू बरामद किया है। वही मनीष की लूटी हुई बाइक, मोबाइल, पर्स, 1500 रुपये और एटीएम कार्ड भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियो में श्रवण कुमार और आशीष डोम शामिल हैं।

## कृष्टि के तत्वावधान में नील रोंगेर घोड़ा नाटक का मंचन





राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सांस्कृतिक संस्था कृष्टि के तत्वाधान में आज रांची के श्यामली कम्युनिटी हॉल में ह्यनील रोंगे घोड़ाह्न नाटक का मंचन किया गया। मोहित चट्टोपाध्याय लिखित यह नाटक एक आम आदमी के अपने छोटे-छोटे सपने को पूरा करने की जिजीविषा को रेखांकित करता है। डेढ़ घंटे के नाटक में आम आदमी के जीवन संघर्ष और इससे जुड़ी घटनाओं को चित्रित किया गया है। नाटक का मुख्य पात्र सोमनाथ घुड़दौड का जॉकी होता है। साधारण-सी नौकरी से पारिवारिक बोझ को खींचना काफी मुश्किल महसूस करते हुए वह रेस में अपनी किस्मत आजमाने में जुटता है। उसके सपने में नील रंग का घोड़ा है,उसे अंतिम दम तक उम्मीद है कि यही घोड़ा उसकी किस्मत को बदलेगा। छोटी-छोटी सपनों को मंच पर जीवंत बनाते हुए अन्य कई चरित्रों और पात्रों से दर्शकों का वास्ता पड़ता है।लाइट, म्यूजिक, साउंड और पात्रों के संवाद से यह नाटक बहुत ही बेहतरीन ढंग से मंच पर उतरता है। दर्शक लगभग डेढ़ घंटे तक सम्मोहित रहते हैं। सम्मोहन टूटता है जब मुख्य किरदार सोमनाथ की मौत रेस कोर्स पर होती है। पूरा हॉल सन्नाटे में कैद रहता है। नाटक में सोमनाथ की भूमिका में अर्णव बोस,उनकी पत्नी मृण्मयी की भूमिका में रीता डे,पुत्र की भूमिका में स्वरणेंदु बाग, पुत्री पापिया चक्रवर्ती,पुत्री के प्रेमी चंचल के रूप में सोमेन, सोमनाथ की पूर्व प्रेमिका पोरना की भूमिका में सुमोना कुंडू एवं मिट्ठू की भूमिका में तनुश्री, पोरना के पति सुभाष की भूमिका में थे सौरव मुखर्जी। इस नाटक में एक प्रौढ़ को सोमनाथ के ही छाया के रूप में दिखाया गया है और इस भूमिका में थे वरुण बनर्जी। जॉकी के रोल में रुद्रनाथ साहा रहे। बालक की भूमिका में थे रिमो। कोलकाता के जाने-माने नाटककार सौरव पालोदी ने इस नाटक का निर्देशन किया।कृष्टि की तरफ से विशेष योगदान में रहे सोमनाथ कुंडू, अभिषेक, रिंकू सेन, सुपर्णा, छंदोश्री, अरूप सेन,सजल, आदि थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पुस्तक का विमोचन वर्षा बासु एवं अंजू ठाकुर द्वारा किया गया। एन टी पी सी के विशेष सहयोग से यह नाटक सफल हो पाया।

### रांची में जमीन-खतियान बचाओ महाजुटान आज

## विधायक लोबिन हेंब्रम अपनी ही सरकार पर साधेंगे निशाना

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** अपने बयानों से लगातार सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को असहज करते रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम आज फिर एक बार अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करते नजर आएंगे। झारखंड बचाओ मोर्चा की ओर से रविवार को ओल्ड झारखंड विधानसभा मैदान में जमीन-खतियान बचाओ महाजुटान का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता लोबिन हेंब्रम हैं। आज के महाजुटान में लोबिन हेंब्रम के अलावा पीसी मुर्मू, जगरनाथपुर के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, राजू महतो, सुशांतो मुखर्जी, विजय शंकर नायक, विनीता खलखो, विक्की पाहन, बाबूलाल महतो, रेणु कच्छप, करमु मुंडा, मुख्तार अंसारी, शिबू होरो,नागेंद्र महतो सहित दर्जनों वक्ता शामिल होंगे।महाजुटान में शामिल होने आए मासस नेता सुशांतो मुखर्जी ने कहा कि हम सरकार के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जो वादा कर सत्ता में हेमंत सोरेन आए थे, वह उससे पीछे क्यों हट रहे हैं इस सवाल को मोर्चा उठा रहा है। मासस नेता ने कहा कि अब हम लोगों को लगता है कि जल, जंगल और जमीन की बात कहकर सत्ता आनेवाली झामुमो और पूर्व की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कोई अंतर नहीं है।जल, जंगल की लूट हो गई तो आदिवासी-मूलवासी का जीवन कैसे बचेगाः पश्चिम सिंहभूम के जगरनाथपुर के पूर्व विधायक रहे मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि वर्तमान सरकार में चारों तरफ जमीन की लूट मची है। इसमें सरकार और सरकारी तंत्र से राज्य के आदिवासी और मूलवासी का विश्वास उठ गया है। संवैधानिक प्रावधान होने के बावजूद हमारे जल, जंगल और जमीन सुरक्षित नहीं हैं।




कार्यक्रम

### शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट कार्यक्रम का रंगारंग समापन

## परिवर्तन संस्था द्वारा भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः का संदेश देता शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट कार्यक्रम संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पृथ्वी दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था परिवर्तनह्न द्वारा आयोजित ह्यशेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेटह्न कार्यक्रम का रंगारंग समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा पृथ्वी के संरक्षण एवम संदर्धन का संदेश देता लेजर लाइट शो व एम.एफ.जे. (द मिक्स फ्रूट जैम) रॉक बैंड का म्यूजिकल शो। रांची में मोराबादी मैदान में हजारों की संख्या में समाज के हर वर्ग से आने वाले समाजसेवियों एवम युवाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को पौधा एवं अंगवस्त्र से स्वागत कर किया। आयोजकर्ता परिवर्तन संस्था विगत एक दशक से विभिन्न समाजिक मुद्दों पे मुख्य रूप से नारी शक्ति के साथ काम कर रही। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय महुआ मांझी जी राज्यसभा सांसद उपस्थित रही। अन्य गणमान्य लोगों में श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार श्री संजीव विजयवर्गीय डिप्टी मेयर रांची नगर निगम सुबोध सिंह गुड्डू प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश मुनचुन राय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी मृत्युंजय शर्मा इलेक्शन मैनेजमेंट चीफ भारतीय जनता पार्टी अनित बेहरा एवं अन्य रहे।

जिनका उद्देश्य पृथ्वी को बचाना और आने वाली पीढ़ी को हो रहे पर्यावरण संबंधित खतरों से अवगत करवाना तथा पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए उनके सहयोग हेतु है। सेव अर्थ

मिशन के अंतर्गत परिवर्तन संस्था वन संरक्षण, वृक्षारोपण, नदियों के अस्तित्व बचाने के लिए

तथा मानव स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों को मजबूत बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रस्तुत कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर आम जनसाधारण का ध्यान आकर्षित करना है और साथ ही साथ इन कार्यों में उन्हें सहयोग देने के लिए प्रेरित करना भी है अपने इसी उद्देश्य के लिए संस्था ने विगत 3 महीनों के अंतर्गत 28000 पौधों का रोपण किया है और आज पृथ्वी दिवस पर 10,000/- पौधारोपण संस्थान का लक्ष्य है।



इसमें प्रदूषण के कारण बदलते मौसम के प्रभाव को दशार्ता हुआ लेजर शो माध्यम से संस्था के द्वारा एक सुंदर प्रस्तुति आज मोराबादी मैदान में की जिसमें गई जिसका उद्देश्य आम लोगों मे पर्यावरण के प्रति जाग्रति लाना थास परिवर्तन संस्था अपने प्रस्तुत कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश देने की चेष्टा की कि किस तरह पृथ्वी विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है जो मानव द्वारा निर्मित समस्याएं हैं सऔर उसका कितना प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और उसके नकारात्मक परिणाम दिन प्रति दिन हमारे सामने आते चले जा रहे हैं सआने वाली पीढ़ी के लिए भी चेतावनी रूपी संदेश संस्था ने प्रस्तुत करने की क पृथ्वी है तभी हम हैं, पृथ्वी की रक्षा वस्तुतः हमारे जीवन की रक्षा है सपृथ्वी जब तक सुरक्षित संरक्षित तब तक हम भी स्वस्थ हैं तो समय रहते पृथ्वी को इसके पर्यावरण को संरक्षित करे और अपना आज और आने वाले पीढ़ी का कल सुरक्षित करे।

प्रस्तुत कार्यक्रम में जन समुदाय का अपार सहयोग और उत्साह देखने को मिला स प्रस्तुत कार्यक्रम में परिवर्तन संस्था के संस्थापक श्री अमित तिवारी सचिव श्रीमती श्रेया तिवारी, कोषाध्यक्ष सुश्री डॉ पूजा सिन्हा के साथ-साथ स्नेहा, अपराजिता मिश्रा, निशा, अमित, नीतीश प्रेम, सुमन, काजल, श्रीमती वंदना चौबे, श्री प्रदीप मिर्धा, वीणा श्रीवास्तव, रजनी सिंह, गीता सिंह, सीमा सिंह डॉली रवि वर्मा अर्चना पांडे, रिंपी घोष, उपस्थित थे।